


दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 20 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 9 फरवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


## सम्पादकीय

## 'आप' के वहीं 'अर्जुन' अब बन बैठे 'दुर्योधन' !



दिल्ली में लगातार चौथी बार चौका लगाने के मंसूबे पाल रही आम आदमी पार्टी बुरी तरह धराशाही हो गई है। आज से दस साल पहले आम आदमी पार्टी के लिए अर्जुन की भूमिका निभाने वाले अरविंद केजरीवाल को अब लोग दुर्योधन की भूमिका में देखने लगे है। जिस पार्टी को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार आदि मिटाने के लिए तेजी से खड़ा किया, आज उसी पार्टी को अपनी अहंकारी नीतियों से रसातल में पहुंचा दिया है। पार्टी के लिए इससे बुरी स्थिति क्या हो सकती है जब पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया खुद चुनाव हार गए हैं। यह वही अरविंद केजरीवाल है जो कांग्रेस के विजयी रथ को रोककर दिल्ली में सत्ता पर काबिज हुए और आम आदमी पार्टी को थोड़े समय में ही पूरे देश में पहचान दिलाई। मगर सत्ता में आते ही अरविंद केजरीवाल को भी अहंकार हो गया। भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर अरविंद केजरीवाल ने भाजपा -कांग्रेस जैसी बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों को शिकस्त दी थीं, आज वहीं अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर ही धराशाही हो गए और दिल्ली में आम आदमी पार्टी को चुनाव हरवा बैठे। देश में भ्रष्टाचार से आमजन त्रस्त है, उन्हे विकास की योजनाओ का लाभ नहीं मिल पाता है। भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला कर रहा है। बस केजरीवाल ने समय की नजाकत को भांपते हुए इसी मुद्दे पर आम आदमी पार्टी का गठन किया। लोगों ने केजरी के दावों पर भरोसा किया और दो बार आम आदमी पार्टी को दो तिहाई बहुमत से अधिक सीटें दी। मगर केजरीवाल इस मुद्दे को भूल गए और आलीशान महल बना लिया। इस मुद्दे को भाजपा ने प्रमुखता से उठाया तो आमजन को ठगे जाने का अहसास हुआ। इधर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने केजरी की काट ढूंढ ली। मुफ्त की घोषणाओ पर आप से अधिक दावे कर केजरी को पीछे धकेल दिया। केजरीवाल को स्वयं को भी चारों ओर से घेर लिया और उनके सामने मजबूत प्रत्याशी प्रवेश वर्मा को उतार दिया। यह सब भाजपा ने बड़ी सूझबूझ और रणनीतिक चातुर्य से किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास की तस्वीर दिखाई और केजरी के दावों की पोल खोली। आप को आपदा करार दिया जिसका नतीजा सबके सामने है। अब आम आदमी पार्टी को आत्म चिंतन करने का समय है। हार के कारणों पर मंथन कर मजबूती से विपक्ष की भूमिका अदा करनी होगी अन्यथा दिल्ली में आम आदमी पार्टी आने वाले समय में केवल इतिहास बनकर रह जाएगी।

**- रामेश्वरलाल जाट**
**प्रधान संपादक, जयपुर टाइम्स**

# दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद भाजपा का 'प्रवेश'

## आप का नहीं लगा चौका, भाजपा ने रोका



- ❒ बिखर गई झाड़ू: अरविन्द केजरीवाल अब 'आम आदमी'
- ❒ भाजपा की दिल्ली, 'आप' की नही गली दाल, कांग्रेस तीसरी बार साफ

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(एजेंसी)।। भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया है। राजधानी दिल्ली में भाजपा 27 साल बाद वापसी करने में सफल रही। 48 सीटों पर शानदार जीत दर्ज कर भाजपा ने स्पष्ट बहुमत से अधिक सीटें जीत ली है। वहीं अन्ना आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी (आप) को करारी हार का सामना करना पड़ा है। साफ सुथरी राजनीति करने का वादा कर सत्ता में आए अरविंद केजरीवाल को भी चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। 2025 के विधानसभा चुनावों में आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्धज समेत कई दिग्गज नेता हार गए हैं। 2020 चुनाव में 62 सीटों पर बंपर जीत हासिल कर आप तीसरी बार सत्ता में आई थी। लेकिन 2025 में आप 22 सीटों पर सिमट कर रह गई है। आप की हार के पीछे शराब घोटाला, यमुना का गंदा पानी जैसे मुद्दों का बड़ा असर माना जा रहा है। लेकिन आप की हार में एक बड़ी वजह कांग्रेस का मजबूती से लड़ना भी माना जा रहा है। कई सीटों पर आप को मिली हार की वजह कांग्रेस को माना जा रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के कई नेता की हार पर कांग्रेस पार्टी की ओर से काटे गए वोटों का असर देखने को मिल रहा है। 2025 के विधानसभा चुनावों में जहां आप को 43.79 फीसदी वोट मिले। जिसमें पिछले विधानसभा चुनाव को मुकाबले लगभग 11 फीसदी की गिरावट हुई है। वहीं भाजपा के 2025 के चुनाव में 45.78 फीसदी वोट शेयर मिला है। भाजपा को 2020 के विधानसभा चुनाव में 38.51 फीसदी वोट मिला था। भाजपा को इस बार मिले 7.2 फीसदी मतों ने उसे आठ सीटों से सीधे 48 सीटों पर पहुंचा दिया। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशि ने दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। केजरीवाल के इस्तीफे के बाद दिल्ली चुनाव का परिदृश्य बदल गया। भाजपा मुखर हो गई। वहीं, कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने आम आदमी पार्टी को कई सीटों पर आसान जीत से रोक दिया।

### केजरीवाल-सिसोदिया हारे, जीत गईं आतिशीः

दिल्ली में भाजपा को मिली जीत के बाद बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक



पोस्टर जारी किया है और आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए लिखा है, %दिल्ली से आप-दा गई। दिल्ली के चुनाव परणाम काफी चौंकाने वाले रहे और अरविंद केजरीवाल समेत मनीष सिसोदिया और सौरभ भारद्वाज जैसे बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं आतिशी ने अपनी सीट से जीत हासिल की है।

### नेताओं की जेल से हो गई आप की रेलमपेलः

केजरीवाल ने लगातार तीन बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई। अपनी सरकार की लोकलुभावन नीतियों की वजह से वे सत्ता में बने रहे। पूरी पार्टी केजरीवाल के इर्दगिर्द ही रही, लेकिन दिल्ली की शराब नीति से जुड़े मामले में गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद जब वे रिहा हुए तो सितंबर 2024 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। सत्येंद्र जैन पहले ही जेल जा चुके थे। वहीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को भी लंबे समय तक जमानत नहीं मिल सकी।

आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं का जेल जाना और अदालती शर्तों से बंधे रहना चुनाव से पहले बड़ा टर्निंग पॉइंट रहा। एक अहम तथ्य यह भी है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए, लेकिन इस बार शीश महल को लेकर उन पर ही सवाल खड़े हो गए। भाजपा-कांग्रेस ने आप को जमकर घेरा।

### आप को शीशमहल पर घेराः

भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को आलीशान तरीके से बनाने और उस पर करोड़ों रुपए खर्च करने का मुद्दा उठाया।

भाजपा ने कई पोस्टर जारी कर केजरीवाल को इस मुद्दे पर घेरा। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे को उठाया। देश की संसद में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर तमाम नेताओं ने आप को इस मुद्दे पर घेरा।

### आप की रेवड़ियों की काट ढूंढ भाजपा ने कर दिए बड़े ऐलानः

दिल्ली में आप की लोकप्रियता की बड़ी वजह फ्री बिजली, पानी जैसी योजनाओं को माना जा सकता है। इस चुनाव से पहले भाजपा मुफ्त रेवड़ियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही थी। केजरीवाल इसी बात का फायदा उठाकर पूरे देश में मुफ्त बिजली और इलाज जैसे मुद्दे उठाते रहते थे, लेकिन चुनाव में भाजपा ने भी आप वाला ही दांव चला और चुनावी वादों में महिलाओं-बच्चों, युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़े एलान किए। इसके साथ ही कांग्रेस ने भी ऐसे ही वादे किए, जिससे आप की चुनौती बढ़ गई।

### आप- दा का नारा बना चुनावी जुमलाः

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा में आप को आपदा करार दिया। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश दोगुना हो गया। इस चुनावी नारे के साथ भाजपा के हर कदम पर केजरीवाल और उनकी पार्टी को निशाना बनाया। किसानों के फायदे के काम हों या फिर आयुष्मान योजना हो, केंद्र की हर वह योजना, जो दिल्ली में आप सरकार ने लागू नहीं की, अन्य राज्यों को उससे होने वाले लाभ भाजपा ने दिल्ली की जनता को बताए। आप के इस रवैये को भाजपा ने आपदा करार दिया। इसी चुनावी नारे के साथ भाजपा ने आप को टक्कर दी।

### कांग्रेस ने कर दी रही सही कसर पूरीः

पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती। हालांकि, 2015 में कांग्रेस को 9.7 फीसदी तो 2020 में 4.3 फीसदी वोट मिले। इस बार यह आंकड़ा 6.62 फीसदी वोट मिले हैं। लोकसभा में विपक्षी एकता का नारा लगाकर भाजपा को चुनौती देने वाली आप और कांग्रेस की विधानसभा चुनाव में राहें अलग-अलग हो गईं। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत झोंकी। इसका असर परिणामों में दिखाई दिया। कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ने की वजह से आप को नुकसान हुआ।

## दिल्ली आप- दा मुक्त, अब होगा चौतरफा विकासः मोदी

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(एजेंसी)।। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। भाजपा ने जहां बंपर जीत हासिल की है, तो वहीं आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं को हार का



सामना करना पड़ा है। भाजपा ने दिल्ली में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पिछले 27 सालों का जीत का सुखा खत्म किया है और 70 विधानसभा सीट वाली दिल्ली में 48 सीटों के साथ प्रचंड जीत हासिल की है।

इस जीत के बाद भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेताओं की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर आ रही है। जेपी नड्डा से लेकर राजनाथ सिंह और अमित शाह ने दिल्ली की जनता को धन्यवाद कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट कर दिल्ली में मिली इस जीत के लिए जनता को धन्यवाद कहा है। साथ ही उन्होंने दिल्ली बीजेपी के सभी कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया है। उन्होंने लिखा कि, %जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता। दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन! आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार।

पीएम मोदी ने लिखा कि इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो। मुझे अपने सभी कार्यकर्ताओं पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस प्रचंड जनादेश के लिए दिन-रात एक कर दिया। अब हम और भी अधिक मजबूती से अपने दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित रहेंगे।

## 'आप-दा मुक्त हुई दिल्ली': जेपी नड्डा

दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता- जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत है। प्रत्येक बूथ पर अथक परिश्रम करने वाले भाजपा के हमारे कार्यकर्ताओं और प्रदेश नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। आप-दा सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन और तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ दी थी। उन्होंने लिखा कि आज दिल्ली उनके झूठ, छल और प्रपंच से मुक्त होकर प्रगति और प्रतिष्ठा के नए युग में अपनी यात्रा आरंभ कर रही है। यह जनादेश विकसित दिल्ली-विकसित भारत के हमारे संकल्प को साकार स्वरूप प्रदान करेगा। इस प्रचण्ड विजय के लिए मैं पीएम मोदी के प्रति आभार प्रकट करता हूँ और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और दिल्लीवासियों का अभिनंदन करता हू।




## राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी और दिल्लीवासियों का जताया आभार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी ट्वीट कर पीएम मोदी और दिल्ली की जनता का आभार जताया है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जबरदस्त विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के प्रति विश्वास की जीत है। इस देश की जनता का भरोसा पीएम मोदी की विश्वसनीयता और भाजपा की सुशासन और विकास की राजनीति में है। इस शानदार जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूँ। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि लगभग 27 साल बाद दिल्ली की जनता ने भाजपा को अपना विश्वास और आशीर्वाद दिया है। इसके लिए दिल्ली की जनता के प्रति मैं अपना आभार व्यक्त करता हूँ। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित दिल्ली अति आवश्यक है। इस जीत के बाद डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई गति को बुलंदी प्रदान करेगी। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने भी आम आदमी पार्टी की हार को सही ठहराते हुए भाजपा की जीत के लिए दिल्ली की जनता का धन्यवाद किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है... यह अहंकार और अराजकता की हार है।



# महाकुंभ में भजनलाल ने मंत्रियों, विधायकों संग लगाई आस्था की डुबकी



**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महाकुंभ-2025 के अवसर पर शनिवार (एकादशी) को मंत्रिपरिषद् के सहयोगियों व विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजनों ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर स्वागत व अभिनंदन किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा, मंत्रिपरिषद् के सदस्य, सांसद व विधायक संगम स्थल पहुंचे, जहां से बोट से त्रिवेणी घाट पहुंच कर उन्होंने संगम में डुबकी लगाकर स्नान किया व जय श्री राम के उद्घोष के साथ पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई और देश व प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। यह हमारी संस्कृति और संत, ऋषि व मुनियों की विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं और उनके नेतृत्व में विरासत का संरक्षण हो रहा है। विश्व का हर व्यक्ति महाकुंभ में आने के लिए लालायित हैं। शर्मा ने महाकुंभ की सुनियोजित व्यवस्थाओं के लिए केन्द्र सरकार व उत्तरप्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार विकास के पथ पर विरासत संरक्षण के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर महाकुंभ मेले में राजस्थान से जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजस्थान मंडप तैयार करवाकर निःशुल्क आवास, भोजन व चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्री, सांसद, विधायक उपस्थित रहें।

### सीएम की अध्यक्षता में प्रयागराज में मंत्रिपरिषद की बैठक

## मंदिरों की भोगराग राशि दुगुनी, पुजारियों का मानदेय बढ़ाया

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। महाकुम्भ में संगम स्थल पर स्नान के बाद प्रयागराज स्थित राजस्थान मंडपम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। 144 वर्ष के अंतराल पर हो रहे महाकुंभ के दौरान आयोजित इस बैठक में देवस्थान विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। मंत्रिपरिषद की बैठक में देवस्थान विभाग के प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 390 मंदिरों व आत्म निर्भर श्रेणी के 203 मंदिरों में सेवा पूजा, भोग, प्रसाद, उत्सव, पोशाक, जल व प्रकाश, सुरक्षा संचालन व्यवस्था आदि के लिए भोगराग को दोगुना करते हुए 3 हजार रुपए प्रति मंदिर प्रति माह किए जाने का निर्णय लिया गया। एक और महत्वपूर्ण फैसला करते हुए देवस्थान विभाग में प्रत्यक्ष प्रभार व आत्म निर्भर मंदिरों में कार्यरत अंशकालीन पुजारियों को दिए जा रहे मानदेय को 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

### भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की उम्मीदों पर फिर खरे उतरे सतीश पूनियां

# डॉ. सतीश पूनिया ने रणनीतिक कौशल व माइक्रो मैनेजमेंट से जीता दिल्ली का दिल

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(एजेंसी)।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में अपने कुशल रणनीतिक कौशल व मजबूत माइक्रो मैनेजमेंट चुनाव प्रबंधन से प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के चुनाव प्रबंधन की कुशलता दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिली। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने सतीश पूनियां को नजफगढ़ जिले की पांच विधानसभा सीटों की चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी थी, इन सभी सीटों पर भाजपा ने शानदार जीत हासिल की है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति व मार्गदर्शन में दिल्ली भाजपा प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा, सह प्रभारी अल्का गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा की रणनीति और परिश्रम से दिल्ली में संगठन को धरातल पर मजबूती मिली, इन सभी नेताओं का परिश्रम जीत में तब्दील हुआ। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सतीश




पूनियां ने नजफगढ़ जिले की नजफगढ़, विकासपुरी, उत्तम नगर, मटियाला और द्वारका विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रबंधन और कैंपेनिंग की जिम्मेदारी संभाली थी, इन सभी सीटों पर भाजपा ने विजय हासिल की है। सतीश पूनियां दिल्ली में नजफगढ़ जिले की 5 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ लगभग एक दर्जन सीटों पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन, ओबीसी सम्मेलन, प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन, प्रबुद्धजन सम्मेलन, उद्यमी सम्मेलन, किसान सम्मेलन, प्रमुख कार्यकर्ता बैठक, बूथ सम्मेलन आदि कार्यक्रमों में शिरकत कर दिल्ली में भाजपा के विजय संकल्प के लिए महीनेभर तक संकल्पित होकर जुटे रहे।उल्लेखनीय है कि सतीश पूनियां ने भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के दौरान सवा तीन साल में पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण से राजस्थान में 53 हजार से अधिक बूथों पर गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के मॉडल की तरह फोटोयुक्त बूथ समितियों के गठन से लेकर पन्ना व शक्ति केंद्रों तक पार्टी को पहुंचाने का कार्य किया। विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने तत्कालीन सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के खिलाफ पंचायतीराज व निकाय चुनाव में भारी सफलता हासिल की थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान सतीश पूनियां के नेतृत्व में पूरे राजस्थान में महिला सुरक्षा, पेपर लीक, बिगड़ी कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, किसान कर्ज माफी आदि जनहित के मुद्दों को लेकर तमाम आंदोलन किए थे। धरना प्रदर्शन से लेकर सड़क से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस के खिलाफ

### नजफगढ़ जिले में जीत के नवाब बने सतीश पूनिया

लड़ाई लड़ी थी और भाजपा संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूत कर भाजपा की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के कार्यकाल में सतीश पूनियां के नेतृत्व में समूचे राजस्थान के समस्त जिलों, मण्डल और बूथ तक कोरोनाकाल में भाजपा राजस्थान इकाई ने कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता से सेवा ही संगठन अभियान चलाया था, जिसके जरिए करोड़ों जरूरतमंदों को भोजन, राशन, पानी इत्यादि सुविधा पहुंचाने का काम किया था। इस अभियान की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2020 में प्रशंसा करते हुए कहा था कि कोरोनाकाल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभर में सेवा के शानदार कार्य किए हैं, जिनमें राजस्थान में भाजपा ने सेवा के अनूठे व उत्तम कार्य किए। इसके लिए भाजपा राजस्थान इकाई को बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ। सतीश पूनियां ने कहा कि विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत व कुशल नेतृत्व में भाजपा ने वर्षभर के दौरान राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ से शुरू की विजय यात्रा हरियाणा, महाराष्ट्र से होते हुये अब दिल्ली में भाजपा ने विजय का शंखनाद कर दिया, जो केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनता के आशीर्वाद से भाजपा ने संभव कर

# अलवर सांसद खेल उत्सव में खिलाड़ियों ने कबड्डी, कुश्ती, खो-खो और दौड़ में दिखाया जोश

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। वी-शक्ति के बैनर तले अलवर सांसद और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन फिट इंडिया के तहत अलवर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव के अंतर्गत शनिवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, दौड़ और बास्केटबॉल के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ अपना जोश दिखाया

उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग 2 महीनों से केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में वी-शक्ति के बैनर तले अलवर में सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। ब्लॉक स्तर पर विजयी क्रिकेट टीमों के बीच 7 फरवरी को सिरमौली रोड स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल के खेल मैदान में रोमांचक मैच खेला गया, जिसमें विजेता टीमों को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वहीं, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, दौड़ और बास्केटबॉल के फाइनल मुकाबले रविवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किए गए। इस दौरान



केंद्रीय मंत्री यादव ने खिलाड़ियों से मुलाकात की, उनसे हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

केंद्रीय मंत्री ने टॉस कर खेलों की शुरुआत कराई और खिलाड़ियों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले को देखा। इस अवसर पर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और महिलाओं से बातचीत कर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उद्योग की ओर बढ़ाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखपति दीदी विजन को पूरा करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री के दो बड़े विजन - खेलो इंडिया और लखपति दीदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया गया, जो उत्साहपूर्वक संपन्न हो रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी (स्टॉल) भी लगाई गई है। साथ ही, महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए जल्द ही एक बड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम (Training Program) शुरू किया जाएगा, जिससे महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि पहली बार अलवर जिले में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 2 किलोमीटर की ÷हाफ मैराथन दौड़÷ आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि इस मैराथन में दिव्यांगों की दौड़ भी शामिल की गई है।

उन्होंने कहा कि टाइगर मैराथन दौड़ को अलवर का वार्षिक कार्यक्रम बनाया जाएगा, जिससे यहाँ की खेल संस्कृति और मजबूत होगी।



## प्रधान कोटकासिम ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। बीते दिन ऑपरेशन कराकर मुंबई से लोटे पूर्व मुख्यमंत्री पार्टी कार्यकताओं से कर रहे है मुलाक़ात। कोटकासिम प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान ने जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाक़ात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## तरुण शर्मा ने बॉक्सिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को दिलाया सम्मान

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। उत्तराखंड में आयोजित 38 वें नेशनल गेम्स में अलवर के होनहार खिलाड़ी तरुण शर्मा ने बॉक्सिंग में अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक जीतकर जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने बॉक्सिंग में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते यह उपलब्धि



हासिल की।

तरुण की माताजी शशि कुमारी जो कि अलवर जिले के कोटकासिम में शिक्षिका है ने कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। तरुण ने अपनी कड़ी मेहनत से यह साबित किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी यह जीत कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

उनकी इस उपलब्धि पर अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश भार्गव, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, विकास शर्मा, भूपेंद्र सिंह राठौड़, दीपक गर्ग, महावीर सिंह राजोरिया, राकेश शर्मा, संजय शुक्ला, साधना शर्मा, मनीष सैनी, विनीत जुनेजा, बॉक्सिंग कोच संजीव शर्मा, अजीत यादव, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच गिरीश शर्मा, हुकुम सैनी, सुनील सैनी, दीपक प्रजापत और सभी खेल प्रेमियों ने खुशी जताई और उनसे भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद जताई है।

## टाइगर मैराथन दौड़ के कारण दुग्ध वाहनों के रूट में किया आंशिक बदलाव

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। अलवर दुग्ध संघ के प्रबंध संचालक सुरेश कुमार सेन ने बताया कि टाइगर मैराथन दौड़ के कारण मिनी सचिवालय और सरस डेयरी के सामने वाला रोड बंद रहने के कारण सरस डेयरी में आने वाले दुग्ध वाहनों के रूट में आंशिक बदलाव किया गया है। दिनांक 9 फरवरी को डेयरी में आने वाले समस्त दुग्ध वाहन पहले सामोला चौराहा पहुंचेंगे। वहां से इटराना पुलिया होकर शांतिकुंज के सामुदायिक भवन होकर सरस डेयरी के पीछे वाले गेट से दुग्ध संघ में प्रवेश करेंगे। यह व्यवस्था सुबह 4 बजे से दोपहर 1 बजे तक रखी गई है। टैंकर 2 बजे बाद आते हैं इसलिए दुग्ध टैंकरो के रूट में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इस संबंध में सभी 30 दुग्ध वाहनों के स्टाफ की मीटिंग कर नए वैकल्पिक रूट की जानकारी दे दी गई है। यह समस्त जानकारी सुरेश

## पीएनबी होम लोन एक्सपो में उमड़ी भीड़

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित होम लोन एक्सपो के दूसरे दिन कंपनी बाग में आवास ऋण संबंधी पूछताछ



के लिए ग्राहकों व जनसामान्य की भीड़ उमड़ी।

गिरवर कुमार अग्रवाल मंडल प्रमुख ने बताया कि एक्सपो में आवास ऋण की 40 करोड़ से अधिक की लीड्स प्राप्त हुई है इनमें से 8 करोड़ की लीड्स हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई एवं 2 डिजिटल होम लोन रुपए 60 लाख का मौके पर ही स्वीकृत किया गया। वहीं सोलर स्थापित करवाने हेतु 100 से अधिक लीड्स प्राप्त हुई। एक्सपो में बैंक के जयपुर स्थित अंचल कार्यालय से एस.एस.सिंह, महाप्रबंधक व प्रधान कार्यालय नई दिल्ली से मुकुल अग्रवाल, उप महाप्रबंधक भी पधारे। उन्होंने एक्सपो में आए ग्राहकों और नागरिकों से उनकी आवश्यकताओं के संबंध में सीधे संवाद भी किया।

मेले में कार कंपनियों द्वारा प्रदर्शित लेटेस्ट मॉडल के प्रति भी ग्राहकों का रुझान देखने को मिला।

अलवर के प्रसिद्ध बिल्डर्स से आवासीय योजनाओं के बारे में लोग जानकारी लेते दिखे।

सोलर रूफटॉप के स्टॉल्स के प्रति भी ग्राहकों ने पूछताछ करने में रुचि दर्शाई। बैंक द्वारा क्रेडिट स्कोर निशुल्क जानने की व्यवस्था का भी लोगों ने खूब लाभ उठाया और क्रेडिट स्कोर के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया।

इस एक्स्पो में विजिटर्स ने बैंक की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परीक्षण सुविधा का भी लाभ उठाया। अग्रवाल, मंडल प्रमुख ने कहा कि पीएनबी अलवर जिले का अग्रणी बैंक होने के नाते ग्राहकों की होम लोन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इस एक्सपो के बाद भी अपनी शाखाओं के माध्यम से सेवाएं देने

### नगर निगम अलवर व यूआईटी के सीमांकन का मामला

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष मिश्रा ने संयुक्त सचिव व जिला कलेक्टर को आपत्ति दर्ज कराते हुए लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अलवर नगर निगम के सीमांकन में यूआईटी नगरीय क्षेत्र और अलवर शहर विधानसभा के समस्त क्षेत्रों को जोड़ने के लिए नगरीय विकास विभाग के संयुक्त सचिव व जिला कलेक्टर, अलवर को आपत्ति दर्ज कराते हुए पत्र लिखा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में अलवर को नगर परिषद से नगर निगम में क्रमोन्नत करवाया था। इसलिए अलवर नगर निगम के सीमांकन में अलवर शहर विधानसभा, यूआईटी के मास्टर प्लान एवं यूआईटी की स्कीमों व प्रस्तावित स्कीमों (साकेत, एम आई ए रोहिणी, अवार्ड घोषित) के अनुसार समस्त क्षेत्र को जोड़ा जाना चाहिए था । यूआईटी की कॉलोनियो में सफाई सीवरेज आदि व्यवस्थाओं का कार्य निगम द्वारा ही किया जाता है पूर्व में यूआईटी की सूर्य नगर कॉलोनी नगर निगम में शामिल नहीं होने के कारण कॉलोनी वासियों को सफाई में सीवरेज संबंधित आदि परेशानियों आई थी भविष्य में इस तरह की परेशानियां यूआईटी की प्रस्तावित कॉलोनी में नहीं आवे। नगर निगम अलवर की सीमाओं को बढ़ाने से शहर का विकास होगा एवं नगर परिषद से नगर निगम बनाना सार्थक हो पाएगा। अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र में मतदान करने वाले भूगोर में तो 70त्न - 80त्न परसेंट लोगों को यूआईटी पट्टे भी जारी कर चुकी है। इसी प्रकार झोंपड़ी गांव जो बेलाका पंचायत में आता है। बेलाका के साथ साथ झोंपड़ी को भी नगर निगम की सीमा में रखना चाहिए । अतः अलवर के चहुंमुखी विकास के लिए निम्न तुलेड़ा, गाजीका, रायसीस, नंगला समावदी, धोली दूब, बल्लबोडा, रुंध निदानी, रुंध भाखेड़ा, भाखेड़ा, लिवारी, केसरपुर, भूगोर, , ईटाराणा, वेरका, पालका, बेलाका, झोपड़ी, दिवाकरी, , खुदनपुरी, मन्नाका, खानपुर जाट, नंगला चारण, गुजूकी, सालपुरी, भजीट, गूंदपुर, झारेड़ा, केरवाजाट, डाडा, ककराली जाट, खेड़ली सैयद, डुमेड़ा, नाहरपुर, देसूला, घेघोली, कैमाला, मुंडिया खेड़ा, चिरखाना, नांगल झीडा, जाहरखेड़ा, उलाहेड़ी, ठेकड़ा, नगला मुंशी, कडुकी, जटीयाणा, मदनपुरी, दादर, बाढ़ केसरपुर, बल्लाना, उमरैण, चांदूकी, रायबका, मोजदीका, बहादुरपुर पट्टी कानूगो, चिकानी, सैथली, बलदेव बास, किशनपुर, पेतपुर, श्योदानपुरा, लोघाड़ी, पडीसल, नौरंगाबाद, सिरमोली, मिलकपुर, कारौली, टेहड़पुर, दिलावर पुर, रुँध धूनीनाथ, सांखला, बहाला, ढाढोली,कमालपुर, गोलेटा, बटेसरा, केसरोली, चोरोटी पहाड़, अग्यारा, लोहारपाड़ी आदि क्षेत्रों को शामिल किया जाना आवश्यक है।उपरोक्त समस्त क्षेत्र द्वह्ल अलवर की सीमा में आता है। ये क्षेत्र नगर निगम की सीमा में शामिल होगा, तब अलवर को नगर निगम बनाना सार्थक साबित होगा।

## नगर परिषद की बजट बैठक 12 फरवरी को

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निस)। नगर परिषद कोटपूतली की साधारण सभा की वार्षिक बजट बैठक आगामी 12 फरवरी बुधवार को प्रातः 11.15 बजे से नगर परिषद सभागार में सभापति पुष्पा सैनी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के सम्भावित आय-व्यय, अनुमानित बजट पर विचार-विमर्श, वित्तीय वर्ष 2024-25 के संशोधित आय-व्यय अनुमान का अनुमोदन व वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु आवश्यक महत्वपूर्ण वार्षिक संविदाओं हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

## कुलपति डॉ अरुण कुमार को लाइफ एचीवमेंट अवार्ड

जयपुर टाइम्स

बीकानेर(निस)। कृषि शिक्षा में योगदान के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पिछले 27 वर्षों में विभिन्न पदों पर रहते हुए कृषि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान एवं विद्यार्थियों सहित कृषक हित में किए गए नवाचारों के लिए कुलपति डॉ कुमार को यह विशिष्ट पुरस्कार दिया गया। केरल के राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने बिहार में कृषि विज्ञान केंद्र , मधुबनी की ओर से सात से नौ फरवरी तीन दिवसीय कान्फ्रेंस में डॉ कुमार को यह सम्मान प्रदान किया।

# रैन बसेरों का किया निरीक्षण मिली अनेक खामियां

### रैन बसेरा रेलवे स्टेशन का शौचालय एक साल से चॉक



जयपुर टाइम्स

अलवर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर (जिला जज) एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के आदेश पर विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के पी एल वी मुस्तफा खान के द्वारा अलवर शहर स्थित रैन बसेरा रेलवे स्टेशन, केंडलगंज, एवं सूचना केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आई निरीक्षण के दौरान मौसम के अनुकूल पर्याप्त मात्रा में दरी, रजाई, गद्दे, चादर, तकिया, कम्बल, बिजली, शौचालय एवं पीने के पानी की उपलब्धता की जांच की गई।

वहीं पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक पृथक शौचालय एवं,कमरे की व्यवस्था, स्नान हेतु मौसम अनुकूल गर्म पानी की व्यवस्था, प्राथमिक स्वास्थ्य कीट, न्यूनतम दर पर भोजन की व्यवस्था तथा बीमार व्यक्तियों की समुचित व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया। साथ ही कड़कड़ाती ठंड में रात को सड़क किनारे सो रहे लोगों को रैन बसेरा पहुंचाया गया। शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार रैन बसेरों को दर्शाते हुए बोर्ड नहीं लगाए गए हैं यहां तक कि रैन बसेरों के आसपास भी बोर्ड नहीं हैं, किसी भी रैन बसेरे में न तो प्राथमिक स्वास्थ्य किट उपलब्ध है और न ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु गार्ड उपलब्ध है।

रैन बसेरा रेलवे स्टेशन का शौचालय पिछले एक वर्ष से चॉक है उसे दुरुस्त करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। अन्नपूर्णा रसोई रेलवे स्टेशन में भोजन की क्वालिटी भी निम्न स्तर की पाई गई तथा अन्नपूर्णा रसोई एवं रैन बसेरा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर कचरा पड़ा हुआ पाया गया जबकि पास में ही कचरा पात्र रखा हुआ है। आग बुझाने वाले संयंत्र भी अनुकूल नहीं पाए गए रैन बसेरा रेलवे स्टेशन की दक्षिणी तरफ स्थित महिला मूत्रालय में गेट नहीं है मूत्रालय से गंदगी बहकर रैन बसेरे के मुख्य द्वार तक आ रही है। रैन बसेरा केंडल गज एवं सूचना केंद्र में कैमरा बंद मिले।चादर और तकिया कवर गंदे मिले । सर्दी की मार का सामना करने वाले लोगों की मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए नगर निगम अलवर कोई ऐसा दीर्घकालिक उपाय करती नहीं दिखती जिससे लोगों को राहत मिल सके रैन बसेरों में सुविधाएं जरूरत के अनुसार अपर्याप्त हैं वहां साफ सफाई का घोर अभाव, असुरक्षित माहौल, गंदगी, अव्यवस्था और अराजकता की वजह से लोग जाने से हिचकते हैं इन्हीं वजहों से एक भी रैन बसेरे में कोई महिला एवं बच्चा ठहरा हुआ नहीं मिला। नगर निगम द्वारा रैन बसेरों को दर्शाते हुए बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन एवं उचित स्थानों पर बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के बेस्ट पी एल वी ऑफ़ इंडिया मुस्तफा खान के द्वारा रैन बसेरों में उपस्थित लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई। आम आदमी को विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 के सम्बन्ध में भी Haven't दी। रैन बसेरों के गार्डों ने बताया कि रैन बसेरों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए गार्ड उपलब्ध नहीं है। इस अवसर पर रैन बसेरा रेलवे स्टेशन पर राधेश्याम मैनेजर, राम करण मीणा, रैन बसेरा केंडल गंज पर योगेन्द्र मीणा एवं रैन बसेरा पुराना सूचना केंद्र पर राकेश मीणा उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व व भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को मिली विजय - पटेल





### भाजपा कार्यकर्ताओं ने छोड़े पटाखे, किया मिठाईयों का वितरण

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निस)। देश की राजधानी दिल्ली में 27 वर्षों बाद भाजपा को प्रचण्ड बहुमत के साथ मिली जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों में हर्ष का माहौल है। दिल्ली में मिली जीत पर प्रतिक्रिया देते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि पीएम मोदी का कुशल नेतृत्व पुरे देश के साथ दिल्ली के दिल में बसा हुआ है। भाजपा को मिली यह प्रचण्ड विजय सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अन्त्योदय व विकास परक नीतियों पर जनता जनार्दन के अटुट समर्थन की जीत है। पटेल ने बूथ स्तर पर अथक मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं व पार्टी नेतृत्व को बधाई देते हुये कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन व तुष्टिकरण की सारी सीमायें लांघ दी थी। आज देश की राजधानी झुठ, छ्ल व प्रपंच से मुक्त होकर प्रगति व प्रतिष्ठा के नये युग में यात्रा आरम्भ कर रही है। यह जनादेश विकसित भारत के संकल्प को साकार स्वरूप प्रदान करेगा। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झुठ, भ्रष्टाचार व कुशासन को नकार कर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के संकल्प को चुना है। दिल्ली अब विकास एवं सुशासन की नई दिशा में आगे बढ़ेगी। वहीं दुसरी ओर मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोडकर मिठाईयों का वितरण किया। इस दौरान पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला, कोषाध्यक्ष शशि मित्तल, नगर मण्डल अध्यक्ष अरूण सैनी, भाजपा नेता इंजी. विक्रम कसाना, जिला संयोजक कमल कसाना, संदीप सराधना, आनन्द अग्रवाल, कमल सैनी, सुभाष रावत, हीरालाल सैनी, मुकेश ठेकेदार, धर्मपाल ठेकेदार, विक्रम सैनी, बालकृष्ण सैनी, लालाराम प्रधान, सुगन भाई, सुनील चौधरी, बाबूलाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर , रविवार
9 फरवरी, 2025




## विराटनगर के विधायक कुलदीप धनखड़ ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

जयपुर टाइम्स

विराटनगर(निसं.)। । विधानसभा क्षेत्र विराटनगर के विधायक कुलदीप धनकड़ ने सपत्नी उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में डुबकी लगाई। इस दौरान विधायक धनखड़ ने बताया कि भारतीयता,आध्यात्मिकता और मानवता के महोत्सव का महाकुंभ है। इस पावन अवसर पर प्रयागराज (महाकुंभ) में पहुँचकर पवित्र स्नान कर पूजन-अर्चन किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर माँ गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के आशीर्वाद की प्राप्ति की।इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा , मंत्रिपरिषद के सदस्यगण एवं अनेकों विधायक भी उपस्थित रहे। धनखड़ ने बताया कि उनके साथ महाकुंभ के इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनकर अपार आनंद और गौरव की अनुभूति हुई।

## कैरियर गाइडेंस सेमिनार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

पावटा(निसं.)। । कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंडितपुरा में एनएसएचआरडी एनजीओ व भारती पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही प्रधानाचार्य रघुवीर यादव ने बताया की कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत



विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर से कैरियर से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान एफआईआईटी कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के निदेशक व एनजीओ के प्रतिनिधि कमल यादव ,जितेंद्र प्रजापत ने उपस्थित विद्यार्थियों को कक्षा 10 व कक्षा 12 के बाद रोजगार के अवसरों के बारे में बताया।साथ ही किस प्रकार से अपना केरियर बना सकते हैं पूरी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संगठन से बलराज सिंह शेखावत, दीपक सिंह शेखावत, पवन कुमार यादव, दीपक टांक व विद्यालय स्टाफ में व्याख्याता नरेश कुमार यादव, सुशीला कुमारी, वरिष्ठ अध्यापक नंदकिशोर योगी ,राम सिंह यादव ,महावीर प्रसाद शर्मा, अध्यापक मुकेश कुमार ,अजीत सिंह, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लालचंद कुम्हार, कनिष्ठ सहायक नितिन कुलदीप, पंचायत शिक्षक श्याम सुंदर टांक,सियाराम यादव, बुद्धाराम,बलराम चौधरी सहित आनेको लोग सहित विद्यार्थी मौके पर मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

जयपुर टाइम्स

चाकसू (निसं.)।। चाकसू उपखंड क्षेत्र के ओम शिक्षण संस्थान में कोटखावदा के ब्लॉक में तीन दिवसीय गैर आवासीय विज्ञान, गणित शिक्षण प्रशिक्षण का शिविर का समापन शिविर प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने किया। दक्ष शिक्षक प्रशिक्षक के व्यवस्थापक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में 70 शिक्षकों ने सुबह 9 से शाम 5 बजे तक उपस्थित रहकर पशिक्षण प्राप्त किया। राष्ट्रीय से नीति 2020 के मुख्य घटकों एवं



ए बी एल किट एवं अन्य शिक्षक के बिंदुओं पर नीरज जैन, सरोज कुमावत, गौरी शंकर शर्मा एवं विष्णु कुमार गुर्जर ने प्रशिक्षण दिया। राजेंद्र आर पी ने विज्ञान और गणित की दक्षताएं एवं सीखने की प्रतिफल पर विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण उपासना पारिक कोटखावदा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया। व्यवस्थाओं पर संतोष जताया गया।

## जया एकादशी पर किया मनोहारी श्रृंगार

जयपुर टाइम्स

चौमू (निसं.)।। शहर के मोरीजा रोड हंस नगर कृष्णा कॉलोनी में स्थित श्री द्वारकाधीश एवं मीन भगवान मंदिर में जया एकादशी के अवसर



पर शनिवार को देव विग्रहों का मनोहारी श्रृंगार किया गया । मंदिर के सेवादार संत रामचरण दास महाराज ने बताया कि श्रृंगार से पूर्व देव प्रतिमाओं का पंचामृत से स्थान करवाया गया तथा नवीन वस्त्र पहनकर मंगला आरती की गई ।भगवान की मंगला आरती करके क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की गई । इस मौके पर नीलकमल सैनी, अरविंद भातरा, नवरत्न योगी, बाबूलाल योगी, शंकर लाल सैनी, बनवारी लाल चोपड़ा, धोनी योगी, महेश चोपड़ा, सुरेश सोनी, मालचंद कुलदीप, भोलाराम योगी, राहुल योगी, सुनील शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनावो में दिल्ली विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

जयपुर टाइम्स

चौमूँ(निसं.)। दिल्ली विधानसभा चुनावो में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर शनिवार को विधानसभा क्षेत्र चौमूँ के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर परिषद चौमूँ के सामने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में पटाखे जलाकर जश्न मनाया गया। पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधान सभा चुनाव-2025 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई और विकसित दिल्ली - विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों और मोदी की गारंटी को जनता के विश्वास की मुहर है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरित कर सबका मुँह मीठा करवाया। इस मौके पर पार्षद बाबूलाल सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, पार्षद बाबूलाल यादव, पूर्व पार्षद कुंदन सिंह शेखावत, मुकेश सैनी, राजेश चोपड़ा, संदीप कुमावत, धर्मेंद्र बंजारा, कालूराम वर्मा, राजेश चोपड़ा, सीताराम योगी, कमल योगी, चेतन सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# नगदी रूपए सहित मोबाईल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई

जयपुर टाईम्स

चाकसू(निसं.)।। चाकसू उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत छान्देल कलां के ओकारदास महाराज के आश्रम में चोरी होने की घटना सामने आई। चोरी की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पुलिस पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरे मे फुटेज खंगाले गए। वहीं स्थानीय ताराचन्द सैनी पुत्र हनुमान सहाय सैनी निवासी ग्राम केशवपुरा ने बताया कि ग्राम छान्देल कला में आए ए एम सी फैक्ट्री के सामने ओकारदास जी महाराज का आश्रम बना हुआ है जहा महाराज निवास करते है तथा उनके ग्रामवासी आते जाते रहते है वहीं में दिनांक 6 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे आश्रम पर आया तब मुझे उकार दास महाराज ने बताया कि किसी अज्ञात चोर ने मेरी झोली मेरी तकत पर रखी हुई थी जिसको चुराकर ले गया। मेरी झोली में करीबन 90,000 हजार रूपये ये जो 500, 200, 100, 50 के नोटों थे। इसके अलावा झोली में एक नगीना बनाने का पत्थर कोमा, एक चादी कि चम्मच, एक पितल की चम्मच, एक ईन्द्र जाल ताम्बे का तथा झोली में एक मोबाईल फोन था। चोरी होते ही आसपास हफरा तफरी मच गई। फिर हमने महाराज की चोरी हुई झोली काफी तलाश की कोई पता नहीं चला। चोरी हुए मामले की पुलिस थाने मामला दर्ज करवाया, पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।



## कृष्ण सुदामा मित्रता देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स

चौमूं(निसं.)।। शहर के सब्जी मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला स्थित सत्यनारायण मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के सातवें दिन शनिवार को कथावाचक पंडित रामबाबू शास्त्री ने कथा में सुदामा चरित्र, उद्धव श्रीकृष्ण संवाद, सुखदेव व्यास पूजन की कथा सुनाई। कथा के दौरान भगवान कृष्ण सुदामा की मित्रता देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। आयोजक सत्यनारायण व यज्ञदत सर्राफ ने श्रीमद् भागवत पोथी की



महा आरती की। साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# सुनील सोगण द्वारा नाटक सुकून का मंचन कर बच्चों को रंगमंच से जोड़ने की पहल

जयपुर टाइम्स

मोरीजा(निसं.)। - राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरीजा में रंगमंच कलाकार गोल्ड मेडलिस्ट सुनील सोगण ने विद्यालय के विद्यार्थियों को नाट्यकला व रंगमंच की जानकारी दी। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए रंगमंच की शिक्षा देना जरूरी है। सोगण ने खुद के द्वारा लिखित निर्देशित लघु नाटक सुकून का 23वां एकल मंचन किया । नाटक में मानव मन के चित्रण का मंचन किया गया। नाटक में बताया कि एक इंसान सुकून को भूख,लूट, सत्ता, राजनीति, दादागिरी, सांप्रदायिकता दंगों, धर्म आदि में ढूंढने की कोशिश करता है लेकिन उसे सुकून कहीं नहीं मिलता। नाटक के अंत में बताया कि सुकून तो मानव के भीतर है जिसे इंसानियत, मानवता और भाईचारे में ढूंढा जा सकता है सोगण शिक्षा में रंगमंच व रंगमंच के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं विद्यालय महाविद्यालय व निजी संस्थानों में जाकर सामाजिक मुद्दों पर नाटकों का मंचन करते



हैं। कार्यक्रम के अंत में सोगण को विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुकेश मीणा हाटवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । सभी शिक्षकों ने व विद्यार्थियों ने नाटक की प्रशंसा की। इस अवसर पर व्याख्याता भुवनेश मीणा , जगदीश प्रसाद शर्मा,अर्जुन लाल रैगर,तरुणा यादव, सांवर मल जड़वाल, रवि चौधरी,सांवर मल शेरावत, सुनीता प्रभाकर, कमला मीणा,प्रेम शर्मा,निर्मल कंवर, मुकेश जाट,अंशु शर्मा, त्रिलोक शर्मा,मनीष कुलदीप,सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा मंच संचालन विक्रम मीणा एवं शंभु दयाल शर्मा ने किया।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला रसद अधिकारी की कार्वाई**

- 'गिव अप अभियान' के तहत 28 फरवरी तक हटवाया जा सकता है सूची से नाम
- जिले की उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त किये जा सकते हैं नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)।। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत ऊपर वर्णित अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी।जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 23 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है। पूर्व में उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी परन्तु वर्तमान में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त अवधि को 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाया जाकर अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये जाने हेतु अवसर प्रदान किया गया है।

# प्रदेश की जनता से माफी मांगे भाजपा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)।। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भाजपा विधायक गोपाल शर्मा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री शिवचरण माथुर एवं तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर लगाए गये आरोपों को निरर्थक एवं आधारहीन बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निन्दा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों के माध्यम से भाजपा नेता प्रदेश की सद्भाव, सम्मान और राजनीति की मर्यादा को लगातार तार-तार कर रहे है जो कि राजस्थान के गौरवमयी राजनैतिक इतिहास पर कलंक है।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री भैरोंसिंह शेखावत ने कभी भी सदन में या सदन के बार इस प्रकार की आधारहीन बात पर कभी कोई टिप्पणी नहीं की और ना ही भाजपा ने इतने लम्बे समय तक इस मुद्दे को सदन में कभी उठाया। और अब, जब उक्त दोनों नेता दिवंगत हो चुके है, इस प्रकार की आधारहीन, अनर्गल बाते करना औचित्यहीन है और भाजपा द्वारा अपने विधायक के झूठे आरोपों पर चुप्पी साधे रहना बेहद शर्मनाक है।

पायलट ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री शिवचरण माथुर एवं उनका परिवार स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़ा रहा। गांधीवादी विचारधारा के समर्थक स्व. श्री माथुर का पूरा जीवन देश एवं प्रदेश की सेवा तथा जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित रहा। उनकी सादगी, दूरदर्शिता और प्रशासनिक निपुणता के चलते आमजन से उनका सीधा जुड़ाव रहा। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ अनर्गल एवं अशोभनीय टिप्पणी किया जाना भाजपा की नफरत की राजनीति और ओछी मानसिकता का परिचायक है।

# कैलाश चन्द्र बिशनोई, महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर ने बताया कि प्रवर्तन शाखा द्वारा निम्नांकित कार्यवाहियां सम्पादित की गई

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)।। 1. जोन-12 निजी खातेदारी करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण।

2. ग्राम सरना चौड़ में करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर अवैध फार्म हाउस योजना बसाने के विरूद्ध प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण की कार्यवाही।

3. ग्राम माचवां से सबरामपुरा रोड़ पर सुशांत सिटी के पास व्यवसायिक प्रयेजनार्थ 02 दुकानों के लिए किये गये अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही।

4. कालवाड़ रोड़ वैद्यजी का चौराहा कालरा की ढ़ाणी में व्यवसायिक प्रयेजनार्थ 13 अवैध दुकानों के लिये निर्माणाधीन बाउण्ड्रीवाल के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही।

5. जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) बजरी मण्डी रोड़ पर हाईटेंषन लाईन के नीचे किये गये अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण।

1. जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बोयतावाला, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''प्रेम नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

2. जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सरना चौड़ जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''नन्द विहार फार्म हाउस योजना'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल सडक, सीमेन्ट के ब्लॉक, पत्थरों की बाउण्ड्रीवाल निर्माणाधीन ढ़ाँचे व अन्य अवैध निर्माण कर अवैध फार्म हाउस योजना बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर अवैध फार्म हाउस योजना बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

3. जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम माचवां से सबरामपुरा रोड़, सुशांत सिटी के पास, पावर हाउस के सामने, जिला जयपुर में निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन 02 दुकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

4. जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कालवाड़ रोड़ वैद्यजी का चौराहा कालरा की ढ़ाणी में कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन 13 अवैध दुकानों के लिए बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

5. जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बजरी मण्डी रोड़ पर हाईटेंशन लाईन के नीचे अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल का अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, पी.आर.एन.(नोर्थ) तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 47 आज तक कुल 430 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिशनोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24म7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in & enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

## संपादकीय .....

### गढ़ भी नहीं रहा और सेनापति भी नहीं

मराठी की एक कहावत में गढ़ जीतने को अहम तो बताया गया है, लेकिन गढ़ की जंग में अगर सेनापति का बलिदान हो जाता है तो उस जीत को भी बड़ा नहीं माना जाता। इसी मराठी कहावत की तर्ज पर दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है? अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही। अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस उम्मीद और सपने को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की जनता ने भरपूर साथ दिया। पहली 54.3 प्रतिशत वोट और 67 सीटें तो दूसरी बार 53.57 प्रतिशत वोट और 62 सीटें देना एक तरह से बेहतर और चमकीले सपनीले भविष्य को लेकर जनाकांक्षाओं का उफान था। कभी बंगला और गाड़ी न लेने, वीआईपी कल्चर को न अपनाने के वायदे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल धीरे-धीरे इसी जनाकांक्षा को भूलते चले गए। दूसरे कार्यकाल में तो वे तानाशाह की तरह खुद को स्थापित करते गए। झूठ और फरेब की राजनीति को ही उन्होंने अपनी सियासी आदत बना लिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की भारी जीत के बाद जैसे उनका खुद पर नियंत्रण नहीं रहा। आम आदमी पार्टी में सिर्फ उनकी ही चलती थी। लोकतंत्र का मुखौटा भी वहां नहीं रह गया था। वैसे भी आम आदमी पार्टी को पहली आर्थिक मदद देने वाले प्रशांत भूषण,. वैचारिक आधार तैयार करने वाले योगेंद्र यादव और प्रोफेसर आनंद कुमार के साथ ही अपने साथी रहे कुमार विश्वास को पार्टी से पहले ही बाहर कर चुके थे। उनके साथ रहे उनके आंदोलन के दिनों के साथी मनीष सिसोदिया और स्वाति मालीवाल। हालांकि उनके शासन के आखिरी दिनों में जिस तरह स्वाति की मुख्यमंत्री के घर में ही पिटाई हुई, उसने केजरीवाल के स्वभाव की एक तरह से कलई खोल दी।

## दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गर्वनेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरुआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है। दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछड़े इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है।



जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे।

इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है।' दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन-विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है। दिल्ली के चुनाव एक महायुद्ध था, जो कितने ही मुद्दों को अपने में समेटे हुए रहा। यह अनेक नेताओं एवं दलों के अस्तित्व को बचाने का भी महासंग्राम था। चुनाव में जब सेवा-सुशासन का मूल उद्देश्य गायब हो जाता है, केवल दलगत स्वार्थ और सत्ता प्राप्ति की होड़ मुख्य हो जाती है तब दिल्ली जैसे अप्रत्याशित परिणाम ही सामने आते हैं। राजनीति में केजरीवाली प्रवृत्ति एक नई संस्कृति का स्थान लेती रही है, जिसने हमारे सभी नैतिक मूल्यों को तार-तार कर दिया था, बहुत चर्चा होती रही है कि दिल्ली के विकास में अनेक सुराख हो गये हैं, लोगों का सांस लेना दुश्वार हो रहा था तो यमुना प्रदूषित हो गयी थी, सड़के खड्ढो में तब्दील हुई तो चिकित्सा-शिक्षा व्यवस्था चरमराई। इसलिए दिल्ली के जीवन को खतरा था। दिल्ली में ऐसे सुराख (ब्लैक होल) हो गये थे, जहां नेता पाप करके छुपते रहे हैं। आप नेताओं के दिमाग में सुराख ही सुराख हो गये थे, जिससे मवाद टपकता दिखाई देता था। ये सब स्थितियां दिल्ली को अच्छे भविष्य की ओर नहीं ले जा रही थी, दिल्ली जब कीचड़ में थी, तब आप एवं उसके नेता एक कदम आगे बढ़ने के प्रयास में दो कदम पीछे फिसलते रहे। स्थितियों की इसी विपरीतता ने दिल्ली की जनता को जगाया, एक-एक व्यक्ति दिल्ली के व्यापक हित को अपने हित से ऊपर समझते हुए भाजपा को जीत का सेहरा बांधा है। निश्चित ही दिल्ली में नये सूरज का अवतरण हुआ है, और उसका भविष्य शुभ एवं श्रेयस्कर दिखाई दे रहा है।

**– ललित गर्ग**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

**समसामयिक**

## रेपो दर में कमी के साथ ही भारत में ब्याज दरों के नीचे जाने का चक्र प्रारम्भ

भारतीय रिजर्व बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय मल्होत्रा ने अपने कार्यकाल की प्रथम मुद्रानीति दिनांक 7 फरवरी 2025 को घोषित की। अभी तक प्रत्येक दो माह के अंतराल पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से लिए गए निर्णयों का देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने में विशेष योगदान रहा है। हालांकि पिछले लगभग 5 वर्षों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। मई 2020 में अंतिम बार रेपो दर में वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसके बाद घोषित की गई 29 मुद्रा नीतियों में रेपो दर को स्थिर रखा गया है और यह अभी भी 6.5 प्रतिशत के स्तर पर कायम है। परंतु,अब फरवरी 2025 माह में घोषित की गई मुद्रा नीति में रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत पर लाया गया है। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को देश में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में रखने हेतु मेंडेट दिया गया है और इस मेंडेट पर ध्यान रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने में सफलता भी पाई है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.4 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। अतः देश में आर्थिक विकास की दर पर भी अब विशेष ध्यान देने की आवश्यकता प्रतिपादित हो रही थी, इसीलिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं में कमी की घोषणा की है। रेपो दर में कमी करने का उक्त निर्णय मुद्रानीति समिति के समस्त सदस्यों ने एकमत से लिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकलन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-45 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 6.4व्र की रहेगी और वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 6.7 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगी। इस वर्ष खरीफ की फसल बहुत अच्छे स्तर पर आई है एवं आगे आने वाली रबी की फसल भी ठीक रहेगी क्योंकि मानसून की बारिश अच्छी रही थी और देश के जलाशयों में, क्षमता के अनुसार, पर्याप्त पानी इन जलाशयों में उपलब्ध है, जिसे कृषि सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जा रहा है और जो अंततः कृषि की पैदावार को बढ़ाने में सहायक होगा। इससे ग्रामीण इलाकों में उत्पादों की मांग में वृद्धि देखी गई है। हालांकि शहरी इलाकों में उत्पादों की मांग में अभी भी सुधार दिखाई नहीं दिया है। परंतु हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा




मध्यमवर्गीय करदाताओं को आय कर में दी गई जबरदस्त छूट के चलते आगे आने वाले समय में शहरी क्षेत्रों में भी उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होगी और विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत औद्योगिक इकाईयों की उत्पादन वृद्धि दर तेज होगी। सेवा क्षेत्र तो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर ही रहा है। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले में धार्मिक पर्यटन के चलते देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त योगदान होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, भारत की आर्थिक विकास दर के वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 7 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 8 प्रतिशत रहने के प्रबल सम्भावना बनती है। भारतीय रिजर्व बैंक का आंकलन उक्त संदर्भ में कम ही कहा जाना चाहिए। इसी प्रकार मुद्रा स्फीति के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में घटकर 4.2 प्रतिशत रह सकती है। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों के महंगे होने के चलते ही बढ़ती है, जिसे ब्याज दरों को बढ़ाकर नियंत्रण में नहीं लाया जा सकता है। हेडलाइन मुद्रा स्फीति की दर अक्टूबर 2024 में अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई थी परंतु उसके बाद से लगातार नीचे ही आती रही है। इसी प्रकार, कोर मुद्रा स्फीति की दर भी लगातार नियंत्रण में बनी रही है। केवल खाद्य पदार्थों में के महंगे होने के चलते उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई पर दबाव जरूर बना रहा है। इस प्रकार महंगाई दर के नियंत्रण में आने से अब भारत में ब्याज दरों में कमी का दौर प्रारम्भ हो गया है। आगे आने वाले समय में भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी की घोषणा की जाती रहेगी ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है और दिसम्बर 2025 तक रेपो दर में लगभग 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा सकती है और रेपो दर घटकर 5.25 प्रतिशत तक नीचे आ सकती है। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक का कहना है कि देश में आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर रेपो दर में परिवर्तन के बारे में समय समय पर विचार किया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने नीति उद्देश्य को भी निष्पक्ष रखा है परंतु चूंकि ब्याज दरों में अब कमी करने का चक्र प्रारम्भ हो चुका है अतः इसे उदार रखा जा सकता था। इसका आश्य यह है कि आगे आने वाले समय में भी रेपो दर में कमी की सम्भावना बनी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी की घोषणा के बाद अब विभिन्न बैंकों को ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करते हुए ऋणदाताओं को लाभ पहुंचाने के बारे में शीघ्रता से विचार करना चाहिए जिससे आम नागरिकों द्वारा बैंकों को अदा की जाने वाली किश्तों एवं ब्याज राशि में कुछ राहत महसूस हो सके। इससे अर्थव्यवस्था में भी कुछ गति आने की सम्भावना बढ़ेगी। दिसम्बर 2024 माह में देश में तरलता में कुछ कमी महसूस की जा रही थी और बैंकों के पास ऋण प्रदान करने योग्य फंड्ज की कमी महसूस की जा रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने तुरंत निर्णय लेते हुए आरक्षित नकदी अनुपात (CRR) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया था, जिससे बैंकों की तरलता की स्थिति में कुछ सुधार दृष्टिगोचर हुआ था। बैंकों के लिए इसे अधिक सरल बनाने की दृष्टि से जनवरी 2025 में भी भारतीय रिजर्व बैंक ने लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपए बांड्ज विभिन्न बैंकों से खरीदे थे ताकि इन बैंकों की तरलता की स्थिति में और अधिक सुधार किया जा सके और बैंकिंग सिस्टम में तरलता की वृद्धि की जा सके।


**–प्रहलाद सबनानी**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

भारतीय रिजर्व बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय मल्होत्रा ने अपने कार्यकाल की प्रथम मुद्रानीति दिनांक 7 फरवरी 2025 को घोषित की। अभी तक प्रत्येक दो माह के अंतराल पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से लिए गए निर्णयों का देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने में विशेष योगदान रहा है। हालांकि पिछले लगभग 5 वर्षों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। मई 2020 में अंतिम बार रेपो दर में वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसके बाद घोषित की गई 29 मुद्रा नीतियों में रेपो दर को स्थिर रखा गया है और यह अभी भी 6.5 प्रतिशत के स्तर पर कायम है। परंतु,अब फरवरी 2025 माह में घोषित की गई मुद्रा नीति में रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत पर लाया गया है।

**शख्सियत**

## सत्येंद्रनाथ बोस ने विज्ञान के क्षेत्र में दिया था अमिट योगदान, जानिए रोचक बातें



गॉड पार्टिकल के जनक के रूप में पहचाने जाने वाले सत्येंद्र नाथ बोस का 04 फरवरी को निधन हो गया था। उन्होंने अपने क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। लेकिन इसके बाद भी बोस को विज्ञान के क्षेत्र में कभी वह पहचान नहीं मिली, जिसके वह असली हकदार थे।

कई वैज्ञानिकों ने बोस के सिद्धांतों की वजह से नोबेल पुरुस्कार हासिल किए। हालांकि कई बार नॉमिनेट होने के बाद भी बोस को यह पुरस्कार नहीं मिल सका। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर विज्ञान के क्षेत्र में अपना अमिट योगदान देने वाले सत्येंद्रनाथ बोस के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### कोलकाता में हुआ जन्म

कोलकाता में 01 जनवरी 1894 में सत्येंद्र नाथ बोस का जन्म हुआ था। उन्होंने नदिया जिले के बाड़ा जगुलिया गांव से अपनी शुरूआती शिक्षा पूरी की। फिर कोलकाता के प्रेजिडेंसी कॉलेज में बीएससी की डिग्री प्राप्त की। इसी यूनिवर्सिटी से उन्होंने एमए कंप्लीट किया। वह बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज थे। सत्येंद्र नाथ बोस एक बेहतरीन शिक्षक और लेखक भी थे।

### अल्बर्ट आइंस्टीन ने दिलाई पहचान

शिक्षा पूरी होने के बाद साल 1924 में सत्येंद्र बोस ने ढाका विश्वविद्यालय में रहने के दौरान एक शोध पत्र लिखा था। इस शोध पत्र को उन्होंने अल्बर्ट आइंस्टीन को जर्मनी भी भेजा था। फिर बाद में अल्बर्ट आइंस्टीन ने उस शोधपत्र को जर्मन में अनुवाद कर एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल में %बोस% के नाम से प्रकाशित कराया था। वहीं यूरोप में रहने के दौरान बोस को अल्बर्ट आइंस्टीन और मैडम क्यूरी समेत कई अन्य वैज्ञानिकों के साथ काम करने का मौका मिला। इस दौरान बोस के विचार को अपनाते हुए आइंस्टीन ने ऐसे कणों के समूह की खोज जिन्हें बोसोन के नाम से जाना जाता है।

### बोस-आइंस्टीन सांख्यिकी की खोज

उन्होंने बाद में परमाणु के भीतर के उपपरमाणु कणों की जानकारी के लिए सांख्यिकी की खोज की थी। इसको बोस-आइंस्टीन सांख्यिकी कहा जाता है। वहीं वैज्ञानिकों ने साल 2012 में खोजे गए गॉड पार्टिकल को भी बोस के नाम पर ही %हिग्स-बोसोन कण% नाम दिया। इसके अलावा एक लेख में सत्येंद्र नाथ बोस को %फादर ऑफ गॉड पार्टिकल% बताया गया था।

### मृत्यु

बता दें कि 04 फरवरी 1974 में सत्येंद्रनाथ बोस का निधन हो गया था।



# पुष्पराज के अभिनय के मुरीद हुए आमिर

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 तमाम विवादों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है। सोशल मीडिया पर कोई फिल्म की और अभिनेता की जमकर तारीफ कर रहा है। अब इस क्रम में अभिनेता आमिर खान भी आ गए हैं। अभिनेता आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा 2- द रूल की टीम को इसकी सफलता के लिए बधाई दी। हाल ही में एक्स पर आमिर खान प्रोडक्शन ने एक छोटा और प्यारा नोट लिखा। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या लिखा है।

### आमिर की टीम ने दी बधाई

आमिर की टीम ने लिखा, पुष्पा 2- द रूल की पूरी टीम को फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफलता के लिए हमारी ओर से बहुत-बहुत बधाई! आपके निरंतर सफलता की कामना करते हैं। पूरी टीम के ढेर सारा प्यार और फिर से बधाई। आमिर की टीम के इस संदेश के बाद यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 का दीवाना बॉलीवुड भी हो रहा है।

### अल्लू अर्जुन ने भी दिया जवाब

आमिर की टीम के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अल्लू अर्जुन ने ट्वीट किया, आपकी शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। चक्की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं । फैंस को सोशल मीडिया पर आमिर और अल्लू अर्जुन की यह केमिस्ट्री काफी पसंद आ रही है। एक यूजर ने लिखा, जब एक अभिनेता दूसरे अभिनेता की सराहना करता है तो सच में काफी अच्छा लगता है। दूसरे यूजर ने लिखा, अल्लू अर्जुन ने कितने सम्मान के साथ आमिर की टीम को रिप्लाई किया है।

### बॉक्स ऑफिस पर कायम है फिल्म का दबदबा

बात करें पुष्पा 2 की तो अल्लू अर्जुन ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा कायम किया हुआ है। फिल्म ने सिर्फ 25 दिनों में 1760 करोड़ रुपये की कमाई की है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। अल्लू अर्जुन के शानदार अभिनय के साथ-साथ कलाकारों और क्रू के शानदार प्रयासों की लोगों ने खूब तारीफ की है।



# वरुण धवन की बात पर कीर्ति सुरेश ने दी प्रतिक्रिया

बेबी जॉन फिल्म में फेम कीर्ति सुरेश ने वरुण धवन के साथ फिल्म की है। इस फिल्म में कीर्ति को पसंद किया जा रहा है। कीर्ति ने हाल ही में एंटनी थाटिल के साथ शादी की। वे शादी से पहले 15 साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। उन्होंने बेबी जॉन फिल्म में अपने सह-कलाकार वरुण धवन के बयान पर प्रतिक्रिया दी है।

### कीर्ति सुरेश ने कही ये बात

गलाता इंडिया के साथ इंटरव्यू को लेकर कीर्ति सुरेश ने कहा कि कई पुरुष अभिनेताओं ने उनसे उनका नंबर मांगा, लेकिन उन्होंने उन्हें नंबर नहीं दिया क्योंकि उन्हें पता था कि वह सिंगल नहीं हैं। वरुण धवन को लेकर कीर्ति सुरेश ने कहा कि काश उन्होंने मुझे बताया होता। मैं यह पहली बार सुन रही हूं। उन्होंने मुझे कभी नहीं बताया।

### प्राइवेसी रखना पसंद करती हैं कीर्ति

कीर्ति ने कहा, किसी को नहीं पता था। सिर्फ बहुत करीबी दोस्तों को ही पता था और इंडस्ट्री में भी, सामंथा को पता था। जगदीश शुरू से ही हमारे सफर का हिस्सा रहे हैं। एटली और प्रिया जानते थे, विजय सर जानते थेज हम दोनों राज रखने में बहुत अच्छे हैं। दरअसल, हम अप्रैल 2022 से ही इस शादी की योजना बना रहे हैं। मुझे लगा कि यह बहुत पहले ही सामने आ जाएगी। हम दोनों को अपनी प्राइवेसी पसंद है और वे थोड़े शर्मीले भी हैं। हम हाथ पकड़कर नहीं घूमते। इतने सालों से यही चल रहा है।



### कीर्ति सुरेश ने कही ये बात

कीर्ति सुरेश ने कहा, वे इस मामलों में नहीं पड़ना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वे इससे पहले हमेशा ग्रुप में ही घूमें हैं। ऐसा पहली बार हुआ कि दोनों एक कपल के तौर पर साथ में विदेश ट्रिप पर गए। कीर्ति ने कहा उन्हें अपने आप पर गर्व है कि वे लंबे समय तक अपने रिश्ते को निजी रख सकीं।

# ओटीटी वर्सेज थिएटर की बहस में बोलीं प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड से हॉलीवुड का सफर तय कर चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की दीवानगी दुनियाभर में है। हाल ही में, अभिनेत्री ने ओटीटी वर्सेज थिएटर की बहस पर अपनी राय दी है और थिएयर में फिल्में देखने के अनुभव को काफी अलग बताया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। हाल ही में, एक साक्षात्कार में देसी गर्ल ने कहा, मुझे लगता है कि ओटीटी और थिएटर दोनों के अपने अलग मायने हैं और दोनों ही काफी अच्छे भी है। हम एक ऐसे समय में रह रहे हैं, जब हम 24 घंटे, 7 दिन और रात हर संभव तरीके से मनोरंजन तक पहुंच सकते हैं और यह मुझे लगता है कि खुद में काफी अच्छा है। हालांकि, अभिनेत्री ने सिनेमाघरों में फिल्म देखने के एक्सपीरियंस की खूब सराहना की है और कहा है कि उन्हें आज भी थिएटर जाकर फिल्में देखने में काफी मजा आता है। प्रियंका ने कहा, मुझे लगता है कि थिएटर में जाकर फिल्म देखना मेरे लिए हमेशा खास रहेगा। अंधेरे थिएटर में फिल्म देखने जैसा कुछ नहीं है, न केवल दोस्तों और परिवार के साथ, बल्कि अजनबियों से भरे कमरे में, सभी देखने के अनुभव से जुड़े हुए हैं।

### थिएटर में फिल्में देखना पसंद करती हैं अभिनेत्री

प्रियंका ने आगे कहा, बड़ी स्क्रीन का, तेज साउंड इसे लोगों के लिए और अच्छा बना देते हैं। वहां बैठकर ऐसा लगता है कि सच में यह सारे सीन्स हमारे बीच ही हो रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि मूवी थिएटर का जादू कभी फीका पड़ेगा।





# लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ संग शादी के बंधन में बंधे अरमान मलिक

**प्लेबैक सिंगर अरमान मलिक ने 2 जनवरी को अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से शादी कर ली। सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने वेडिंग डे की कई तस्वीरें शेयर करके मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से अपनी शादी की खुशखबरी की घोषणा की। फैंस सिंगर को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। सिंगर की वेडिंग फोटोज भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।**

### पत्नी आशना मलिक को बताया घर

अरमान ने साल की शुरुआत में ही अपने फैंस को सरप्राइज कर दिया है। हाल ही में, उन्होंने शादी की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, तू ही मेरा घर। बेबी पिंक ड्रेस में अरमान मलिक काफी डैशिंग लग रहे हैं। वहीं, लाल जोड़े में आशना दुल्हन बन काफी सुंदर लग रही हैं। प्रशंसक भी अरमान मलिक को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### तस्वीरों पर प्रशंसकों ने दिया ये रिएक्शन

एक यूजर ने लिखा, ये क्या तरीका है सरप्राइज देने का। दूसरे यूजर ने लिखा, आज का दिन तो हमारे लिए ही बड़ा बन गया है। दोनों को खूब शुभकामनाएं। बेहद प्यारी तस्वीरें हैं। एक और यूजर ने लिखा, अरमान ने शादी की तस्वीरें इतनी अचानक से दिखाई है कि मुझे तो अभी तक विश्वास नहीं हो रहा है कि दोनों की शादी हो गई है।

### इन गानों के लिए फेमस हैं सिंगर

अरमान मलिक ने अगस्त 2023 में आशना श्रॉफ को प्रपोज किया था। बाद में, उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए कसम से - द प्रपोजल नाम से एक म्यूजिक वीडियो भी जारी किया था। लगभग दो महीने बाद, इस कपल ने आधिकारिक रूप से सगाई भी कर ली थी, जिसकी तस्वीरें भी उन्होंने अपने फैंस के साथ साझा की थी।

### क्या करती हैं आशना श्रॉफ?


गायक अरमान मलिक वजह तुम हो, बोल दो ना जरा और बुट्टा बोम्मा जैसे गानों के लिए लोकप्रिय हैं ।अरमान ने इससे पहले ब्रिटिश गायक एड शीरन के गाने 2स्टेप के नए वर्जन पर उनके साथ मिलकर काम किया था। वहीं, बात करें आशना श्रॉफ की तो आशना श्रॉफ एक फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर और यूट्यूबर हैं। उन्हें कॉस्मोपॉलिटन लग्जरी फैशन इन्फ्लुएंसर ऑफ द ईयर 2023 नामित किया गया था।

# हिंदी फिल्म निर्माताओं ने ही नहीं रखा अपने दर्शकों का ध्यान

फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने भारतीय फिल्म निर्माताओं को लेकर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड ने सामूहिक रूप से अपने मूल दर्शकों को इग्नोर किया है। उन्होंने अपनी खुद की प्रतिष्ठित फिल्मों, गैंग्स ऑफ वासेपुर और मुक्केबाज का उदाहरण दिया, जो उनके अनुसार, प्रोडक्शन स्टूडियो के गलत फैसले के कारण उत्तर भारत में कभी भी ठीक से रिलीज नहीं हुई। अनुराग कश्यप ने कही ये बात हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बात करते हुए, अनुराग ने कहा, हमारे दर्शकों को सामूहिक रूप से नजरअंदाज किया गया। उदाहरण के लिए, कोविड के दौरान, मुझे पता चला कि मेरी दो फिल्में - गैंग्स ऑफ वासेपुर और मुक्केबाज, जिनके अब उत्तर भारत में बहुत ही मुख्य दर्शक हैं, उत्तर भारत में रिलीज नहीं हुई। मुझे एक वितरण बैठक के दौरान पता चला कि मेरी उत्तर भारतीय फिल्में पूरे उत्तर भारत में रिलीज नहीं हुई क्योंकि स्टूडियो ने तय किया कि मेरे मुख्य दर्शक दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़ और हैदराबाद में हैं और बस। वे कितने मूर्ख हैं।

अनुराग कश्यप ने साझा की बात उन्होंने कहा, रामोजी ने कहा कि साउथ फिल्मों से दर्शक इसलिए भी कनेक्ट करते हैं, क्योंकि वहां की फिल्में रूट्स से जुड़ी होती हैं। ऐसा ही कुछ मलयालम में भी होते हैं। वे ऐसा ही करके सिनेमा को चला रहे हैं। जैसी फिल्में साउथ में बनती हैं, वैसी हिंदी में बनेगी तो वहां बजट बनता है। अगर यहां प्रमोशन के लिए बजट दिया जाए तो सब आगे आएंगे। ओटीटी को लेकर कही ये बात अनुराग कश्यप ने कहा कि लोग ओटीटी पर आए हैं लेकिन ये लोग टीवी से ओटीटी पर आए हैं। लोगों को सिनेमा की समझ नहीं है। ओटीटी के लोग कह सकते हैं कि फिल्म सिनेमाघरों पर आई, हमने उसे ओटीटी पर देखा।





# भगवान ना करे कभी सीक्वल में काम करना पड़े

एक्टर मनोज बाजपेयी इन दिनों डिस्पैच फिल्म के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया कि भले ही सीक्वल का दौर चल रहा है, लेकिन वो ये नहीं करना चाहते हैं। उन्हें नई कहानियां, नए किरदार करना पसंद हैं। अभिनय की खान कहे जाने वाले ऐक्टर मनोज बाजपेयी हाल ही में फिल्म डिस्पैच में नजर आए।

**आपके लिए ये साल काफी अच्छा रहा है। आगे आने वाले समय में हम आपको किस तरह की चीजों में देखेंगे?**

कोशिश तो ये ही रहती है कि नया काम करें, नए तरीके का अनुभव लें। चाहे किसी भी जोनर की फिल्म रही हो, ना कभी दर्शकों को मैंने कम आंका है ना ही खुद को। तो आगे के फैसले इस बात को ध्यान में रखकर लिए जाते हैं कि बतौर ऐक्टर मुझे एक नया एक्सपीरियंस हो। ये एक लत है। कभी-कभी लगता है कि कुछ दिन के लिए छोड़ देता हूं, जब थकान होती है। वो थकान इसलिए होती है क्योंकि आपने उस फिल्म को कितना कुछ दिया होता है। लेकिन प्रमोशन का समय भी एक ब्रेक ही है, जब आप कुछ सोचते हैं और पत्रकारों के जवाब देते हैं। साथ-साथ कोशिश रहती है कि सब सवालों के जवाबों से संतुष्ट किया जा सके। मेरे लिए दो फिल्म के बीच का जो अंतराल होता है वो मेरे लिए बड़ा मजेदार होता है। तब मैं सोच रहा होता कि कैसे कनु बहल को तंग किया जाए, अर्चिता को ऐसा क्या बोलूं कि ये और भी हिल जाए।

**आपको लोगों से बहुत प्यार मिला है। लेकिन आपने ब्रेक के बारे में कभी गंभीरता से भी सोचा है?**

मैं बिना किसी को बताए ब्रेक ले लेता हूं। कभी गांव चला जाता हूं, तो कभी पांच दिन के लिए मेडिटेशन के लिए चला जाता हूं। कभी पहाड़ पर चला जाता हूं और जाकर आ भी जाता हूं। जैसे कभी कनु कहता है कि कहां हो, तो मैं बोल देता हूं कि अल्मोड़ा में हूं और इतने दिन में आऊंगा। लेकिन जब मैं वहां होता हूं और जिस काम के लिए जाता हूं वो पूरी तन्मयता से करता हूं। मेडिटेशन कर रहा होता हूं या कोई फूड फेस्टिवल चल रहा होता है तो वहां चला जाता हूं, कोई नाटक चल रहा होता है तो वहां जाता हूं। मुझे लोगों से मिलना, वहां की संस्कृति को जानना, अध्यात्म को जानना या अपने गांव में जाने वाला ब्रेक लेना पसंद है।

**आजकल सीक्वल का दौर है। अगर आपको अपनी किसी फिल्म का सीक्वल पर काम करना हो तो किस फिल्म का करेंगे?**

(हाथ जोड़ते हुए) भगवान ना करे ! हो गया सर? ये सीक्वल के चक्कर में नहीं पड़ना। मुझे नई कहानियां कहने में, कहानियों में काम करने में, नए तरीके के चरित्र करने में मजा आता है। एक फैमिली मैन है, जिसके लिए हम कमीटेड हैं, चार सीजन के लिए। फैमिली मैन में जाने का इसलिए मन करता क्योंकि एक किरदार उसमें एक अलग स्टेज पर पहुंच चुका होता है। उस अलग स्टेज और उम्र में जाने के बाद वह क्या कुछ सोच रहा होता है, क्या कुछ कर रहा होता है, तो वो करने में मजा आता है। फिल्मों में सीक्वल का है कि बनाना ही बनाना है, मैं उससे परहेज करता हूं।

**हाल ही में आपकी फिल्म डिस्पैच आई है। इसमें काम करने का अनुभव आपका कैसा रहा है?**

काफी मजेदार अनुभव रहा। ये काफी कठिन फिल्म है। फिल्म एक पत्रकार के निजी जीवन और व्यावसायिक जीवन की चुनौतियों को सामने लाती है। कनु बहल एक खास तरह के डायरेक्टर हैं। उनके काम का तरीका अलग है। फिल्म को बनाने में एक नई तरह की कोशिश, नए तरीके का काम किया है। इसमें अभिनय चाहे जितना भी करने में कठिनाई रही हो, लेकिन एक साथ काम करने की जो यादें बनी हैं वो बहुत कीमती हैं।

# गर्भवती महिलाओं में बहुत ही कॉमन हैं क्रेविंग्स...

एक औरत अपने को तभी पूर्ण मानती है जब वह अपनी कोख से बच्चे को जन्म देती है। लेकिन शिशु को जन्म देने के लिए नौ माह का लम्बा सफर तय करना पड़ता है। इस दौरान उनके खान-पान पर ही शिशु की सेहत निर्भर करती है। गर्भावस्था में महिला जो भी खाती है उस का सीधा असर बच्चे पर होता है। हैल्दी खाना उनके लिए जरूरी है लेकिन प्रेग्नेंट महिलाओं में क्रेविंग्स बहुत कॉमन हैं और वे अक्सर क्रेविंग को हैल्दी फूड पर तरजीह देती हैं। एक नए सर्वे रिजल्ट के अनुसार 84 फीसदी प्रेगनेंट महिलाएं आइसक्रीम, चिप्स, चॉकलेट्स, कुकीज और कैंडी खाती हैं। दस में से आठ महिलाओं ने यह भी स्वीकार किया कि वे ऐसा भोजन भी खा लेती हैं जो उनके लिए हानिकारक हो सकता है।

अमेरिकन बेबी मैग्जीन द्वारा जारी एक सर्वे के रिजल्ट में बताया गया कि 70 फीसदी मांओं ने बताया है कि जब वे प्रेगनेंट हुईं तो उन्होंने हैल्दी खाना खाना शुरू कर दिया, हालांकि 63 फीसदी ने उनके लिए रेकमेंड की गई सब्जियों और फलों को 5 से 9 सर्विंग्स को नहीं खाया।

सर्वे में चौंकाने वाली बात यह थी कि 12 फीसदी ने दिन में एक या उससे भी कम बार खाना खाया। इनमें से ज्यादातर को प्रेग्नेंसी के कारण भोजन में अरूचि हो गई थी। सर्वे में 2300 प्रेग्नेंट और न्यू मॉम शामिल थीं। सर्वे का टाइटल था-प्रेग्नेंट महिला वास्तव में क्या खाती हैं।



अमेरिकन बेबी के अक्तूबर 2015 के इश्यू में यह सर्वे प्रकाशित होगा।

10 में से 8 महिलाओं ने इस दौरान रिस्की फूड खाना भी स्वीकार किया। स्टडी में पाया गया कि 48 फीसदीने कोल्ड डेली मीट, 32 फीसदी ने अधपके अंडे, मीट या मछली, 20 फीसदी ने प्रीमेड डेली सलाद और 7% ने अनपेस्ट्राइज्ड चीज खाया। प्रेग्नेंसी में इन सब चीजों को खाने की मनाही होती है क्योंकि इससे कॉम्पलीकेशंस आ सकती हैं।

सर्वे में कुछ अच्छी बातें भी सामने आईं। 92 फीसदी महिलाओं ने स्वीकार किया कि प्रेग्नेंसी के बाद उन्होंने अल्कोहल का सेवन नहीं किया, 77 % रोजाना ब्रेकफास्ट करती हैं और 84 फीसदी कैफीन के लिए दी गई गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन करती हैं। सर्वे में यह भी पाया गया कि 61% मांओं को प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाले वेट गेन की भी चिंता रहती है और करीब एक-तिहाई इस दौरान ओबीस या ओवरवेट हो जाती हैं।

### प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए फायदेमंद 7 टिप्स ....



- स्मूदी बनाओ। जब आपके पास खुद की केयर करने का ज्यादा टाइम न हो तो डाइट में ज्यादा फल और सब्जियां शामिल करने का यह सबसे बढ़िया तरीका है।
- खुद को प्रेरणा दो। जब आपकी इच्छा कुकीज खाने की हो तब फल और सब्जियां खाओ।
- ब्रेकफास्ट खाओ। यह दिन का सबसे महत्वपूर्ण मील है।
- दिन में तीन बार डेयरी प्रॉडक्ट्स जैसे दही, दूध और पनीर खाओ।
- मछली पसंद हो तो श्रृंप, सालमन या स्कैल्प खा सकती है।
- मछली खाना पसंद न हो तो ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर अंडे, अखरोट या आवाकाडो खाएं।
- खाने में उन पदार्थों का सेवन करना चाहिए जिनमें लौह पदार्थ अधिक मात्रा में पाए जाते हों जैसे पालक, सरसों, बंद गोभी, गांठगोभी, धनियां, पुदीना, गुड़ किशमिश आदि।



स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, वाली कहावत काफी पुरानी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी इस पर काफी बल देते हैं। यह एक जानी–मानी बात है कि यदि दिमाग में कोई परेशानी हो तो थोड़े समय बाद इसका प्रभाव हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है और हम जल्दी जल्दी बीमार होने लगते हैं। शरीर में होने वाली पीड़ा, मांसपेशियों का दर्द आदि बढ़ जाता है।

# भावनाएं हैं स्वास्थ्य की बैरोमीटर

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि हम जैसा सोचते हैं हमारा शरीर उसी के अनुकूल बनता है। हम जैसा महसूस करते हैं, जैसे काम करते हैं हमारा शरीर भी उसी ढांचे के अनुरूप बन जाता है। इसे ही प्रायः माइंड और बॉडी कनेक्शन कहा जाता है। जब हम तनाव में होते हैं, परेशानियों से घिरते हैं या बेचैन होते हैं तो हमारा शरीर इसका संकेत हमें देना शुरू कर देता है कि शरीर के साथ असामान्य स्थिति है। हममें से कई लोग अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सफल हो जाते हैं। इसके विपरीत कुछ लोग तनाव के क्षणों में, विपरीत स्थितियों में ओवर रिएक्ट करने लगते हैं। वह किसी भी बात को दिल से लगा लेते हैं। उन्हें यह लगता है कि वह कुछ भी कर पाने में सक्षम नहीं हैं तो वह तुरंत रोने लगते हैं, गुस्सा हो जाते हैं, उदासी उन्हें घेर लेती है और चिड़चिड़े हो जाते हैं। इस तरह के लोग परेशान होने के लिए बहाना ढूंढ़ते हैं। उनका यह चिड़चिड़ापन, अवसाद में रहने की प्रवृत्ति उनके शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालती है। इसका असर उनके दिल-दिमाग पर ही नहीं शरीर पर भी दिखने लगता है। दरअसल, होता यह है कि जब आप तनाव में होते हैं या परेशान होते हैं उस समय अपने स्वास्थ्य के प्रति हम लापरवाह हो जाते हैं। तनाव के समय घूमने जाना, एक्सरसाइज करना, संतुलित भोजन लेना और डॉक्टर के निर्देश के अनुसार दवाइयां खाना इन सब चीजों का रुटीन बिगड़ जाता है। सवाल है इन स्थितियों से बचाव के लिए क्या करें? इसके लिए चिकित्सक एबीसी का फार्मूला अपनाने की सलाह देते हैं। ए का अभिप्राय है, अवेयरनेस यानी कोई भी समस्या जब पैदा होती है तो उसके प्रति हमें पूरी तरह से सजग-सचेत होना चाहिए। इसमें किसी की प्रेरणा हमारे लिए सहायक सिद्ध हो सकती है या हम अपना स्वयं का नजरिया सकारात्मक बनाएं जिससे हम समस्या को अपने पास फटकने से पहले ही उसे दूर भगा दें। बी यानी बैलेंसिंग यानी सही और गलत के बीच संतुलन कायम रखने की क्षमता का अपने भीतर पैदा करना। सी का अभिप्राय है कंट्रोल यानी विपरीत स्थितियों पर प्रतिक्रिया को नियंत्रण में रखना।



इन तमाम चीजों के अलावा हम पर हमारी भावनाएं हावी होकर हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर न डालें, इसके लिए जरूरी है कि हम संतुलित भोजन लें, समय पर भोजन करें और पर्याप्त नींद लें। किसी भी तरह का नशा न करें। अपनी समस्या को लेकर अपने आपको परेशानी में न रखें। नियमित शारीरिक व्यायाम करें। योगासन करें, मेडिटेशन करें। कुल मिलाकर शरीर को आराम पहुंचाने वाली गतिविधियां करें। जब कभी भावनात्मक दबाव में आएं और भावनाएं दिल-दिमाग पर इस कदर हावी होने लगें कि उनका आपके काम और रिश्तों पर नकारात्मक असर पड़ने लगे तो ऐसी स्थिति में किसी प्रोफेशनल की मदद लें। ज्यादा संवेदनशील होना किसी तरह की बीमारी नहीं है। यह अक्सर कई लोगों के साथ होता है। एक खास अवसर पर ऐसा होना स्वाभाविक है।

काउंसलर किसी भी स्थिति से निपटने में हमारी मदद करते हैं। इसलिए, उनसे मदद लेने में हमें कोई संकोच नहीं करना चाहिए। वह अति संवेदनशील लोगों को अपनी समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान न होने और उनसे निपटने के बेहतर उपाय सुझा सकते हैं। इन तमाम बातों के अलावा आप हर चीज के विषय में एक डायरी बनाएं, जिसमें कहां पर आप किस स्थिति में ओवररिएक्ट करते हैं उसमें नोट करें। इससे आपको अपनी समस्याओं के प्रति जागरूक होने में सहायता मिलेगी। याद रखें मानसिक समस्याएं धीरे-धीरे हमारे शरीर पर गलत असर डालती हैं और इसकी वजह से हमें कब्ज, डायरिया, कमर दर्द, भूख न लगना, मुंह सूखना, ज्यादा थकान लगना, हाई ब्लडप्रेशर से दर्द, अनिद्रा, गहरी सांस आना, गर्दन में दर्द, पसीना आना, पेट खराब होना, वजन बढ़ना या कम होना जैसी तमाम समस्याएं आ सकती हैं इसलिए, समय है सचेत हो जाइए। अपनी समस्याओं का असर अपने शरीर पर न पड़ने दें।

हम क्या खाते हैं और कितना पानी पीते हैं, यह तय करता है कि हम कितने फिट और स्वस्थ रहेंगे। अच्छी सेहत के लिए खान-पान में पोषण का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जानते हैं कुछ बातें, जो कर सकती हैं इसमें आपकी मदद...

# सही पोषण की सात अच्छी आदतें

### नाश्ता जरूर करें

खुद को यह बताएं कि सुबह का



नाश्ता अच्छी सेहत के साथ-साथ शरीर को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए जरूरी है। टोंड दूध के साथ ओट्स लें। उच्च फाइबरयुक्त फल और एक चुटकी दालचीनी खाएं। इससे रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। आप चाहें तो मल्टीग्रेन ब्रेड और कुछ अंडे, हल्के तले हुए मशरूम और हरी पत्तेदार सब्जियां भी खा सकते हैं।



### पानी है अनमोल



हर आधे घंटे में पानी पिएं। पानी शरीर के पोषक तत्वों को भीतरी अंगों और ऊतकों तक ले जाता है। यह ध्यान रखें कि जूस और अन्य ड्रिंक्स पानी की बराबरी नहीं कर सकते।

### हर रोज व्यायाम करें

अपने वर्कआउट में हृदय के लिए लाभकारी व्यायाम करें। शरीर को मजबूत और लचीला बनाए रखने वाले व्यायामों को शामिल करें।

### ज्यादा चाय-कॉफी ठीक नहीं

चाय और कॉफी की मात्रा का ध्यान देना बहुत जरूरी है। ग्रीन टी भी अधिक न पिएं। पांच कप से अधिक ग्रीन टी लेना शरीर में पानी की कमी पैदा करेगा। अगर आप सिर्फ दूध और चीनी वाली चाय पीते हैं तो यह तय है कि आप सीमा से अधिक चीनी डाइट में ले रहे हैं।

### खूब खाएं हरी पत्तेदार सब्जियां

यह ध्यान रखें कि हररोज कितनी मात्रा में हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन कर रहे हैं। पालक और मेथी में फोलेट प्रचुरता में होती है। इस विटामिन से शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं तेजी से बनती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कैलरी बहुत कम होती है। तीनों समय हरी सब्जियों को भोजन में शामिल करें।

### नींद का रखें ध्यान

पोषक तत्व नींद पर भी असर डालते



हैं। सोने से पहले कैफीन, चॉकलेट, अधिक चिकनाई वाली चीजें न खाएं। ये चीजें आंतों को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए, सोने से पहले अधिक तला हुआ खाना पित्त बनाता है और पाचन प्रक्रिया को धीमा करता है।।

### हैल्दी स्नैक्स

हल्के-फुल्के नाश्ते के लिए स्वस्थ तरीके आजमाएं। इससे भूख नियंत्रित रहती है। सेब, अनार के दाने और बादाम का सलाद खाएं। शाम के समय गाजर और खीरे का सलाद खाएं।



# अपनी बॉडी के लिहाज से ही स्कर्ट का चयन

स्लिक और ईजी स्कर्ट्स वर्सटाइल होने के साथ ही एक गॉर्जियस लुक भी देती हैं। अक्सर स्कर्ट खरीदते समय बॉडी शेप का ध्यान नहीं रखा जाता है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि कौन से बॉडी टाइप पर कैसी स्कर्ट सूट करेगी।



पियर शेप बॉडी वालों को हिप्स पर बिलकुल फोकस नहीं करना है। इसलिए आपके लिए ए-लाईन स्कर्ट्स ठीक हैं या फिर फ्लेयर वाले स्कर्ट्स भी अच्छे लगेंगे। फिटेड स्कर्ट्स अवॉयड करें। अगर आप ज्यादा लम्बे नहीं हैं, तो लंबी स्कर्ट्स भी अवॉयड करें। पियर शेप में कम हाईट वालों को मिड-लैंथ स्कर्ट्स पहनने चाहिए। इससे हाईट लम्बी दिखाई देती है। बोल्ड प्रिंट्स और कलर्स अवॉयड करें। डार्क और प्लेन स्कर्ट के साथ बोल्ड कलर में प्रिंटेड टॉप पहने।

अगर फिगर अच्छा है तो बिलकुल फ्लॉन्ट करें। आप पर लगभग हर स्टाइल सूट करेगा। लॉन्ग स्कर्ट, शॉर्ट स्कर्ट, सभी तरह के प्रिंट्स और टाइप्स में। अगर मिडरिफ के आस-पास प्रॉब्लम एरिया है या लव हैंडल्स हैं तो मोटे फैब्रिक में हाई-वेस्ट वाले स्कर्ट चुनें।

थोड़े से लूज स्कर्ट्स पहनें और अगर कर्वी बॉडी न हो तो फिटेड स्कर्ट पूरी तरह से अवॉयड करें। अपनी हिप लाईन को बेल्ट या जड़ाऊ स्टोन्स के साथ एक्सेंचुएट करें। इससे बॉडी में कर्व्स होने का आभास होता है। वेस्ट पर यदि घेर हों या फिर फैब्रिक थोड़ा मोटा हो तो बहुत अच्छा है। ये दोनों ही चीजें बॉडी में वॉल्यूम भी एड करते हैं।

अगर आपके पैर टोंड हैं, तो फिटेड शॉर्ट स्कर्ट्स फ्लॉन्ट करें। वरना मिड-काफ लेंथ चुनें जिसकी वेस्ट पर घेर हों।

# भेरुजी मेले को लेकर मंदिर में तैयारियां जोरों पर... मारोठ भेरुजी मुख्य मेला 12 को

### 11 को गणेश पूजन के साथ होगा मेले का आगाज ,रात्रि में लकी ड्रा व जागरण का होगा आयोजन



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)।** कस्बे के सुप्रसिद्ध भैरवनाथ मंदिर मैं फरवरी माह की 9 फरवरी से 12 फरवरी तक 4 दिन मेला जैसा नजारा रहेगा । मंदिर पुजारी बबलू जी महाराज ने बताया कि इस बार फरवरी माह में मुख्य मेला 12 फरवरी को और 11 फरवरी को रात्रि में जागरण व लकी ड्रा का आयोजन होगा वही भेरूजी मंदिर में हर शनिवार रविवार को मेला जैसा नजारा रहता है इसलिए इस बार 9 को रविवार होने की वजह से मेला 4 दिन चलेगा। वैसे दो दिवसीय मेले का आगाज 11 को गणेश जी की पूजा अर्चना कर मेले का शुभारंभ किया जाएगा इस अवसर पर देव प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। मेले में मंदिर परिसर में दिनभर बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणों सहित देशभर से प्रवासी राजस्थानियों सहित दूसरे राज्य के श्रद्धालु भैरवानाथ के दर्शन कर जात जडूला चढ़ाएंगे। भैरवनाथ मंदिर कमेटी के भागचंद माली ने बताया कि कमेटी संचालक और कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा के दर्शनार्थ महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग अलग व्यवस्थाए की जा रही है मेले में बाबा भैरवानाथ के मंदिर सहित दुकानों पर जोरदार सजावट की जा रही व बाबा के मुख्य-मंदिर को फूल मालाओं से सजाया जाएगा । मंदिर पुजारी बबलू महाराज ने बताया कि मेले के आगाज को लेकर मेले में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन, सीएलजी मेंबर, भैरवनाथ मेला कमेटी, गांव के सभी मंडलों के कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी सोपी जा रही है और होने वाले लकी ड्रा को लेकर डायरिया वितरित की जा चुकी है। वहीं मेले को लेकर झूले वाले,चाट पकौड़ी, बोर, मिठाइयां ,खिलौने, नारियल, प्रसाद व घरेलू सामानों की दुकान वाले मेले परिसर में अपनी जगह बुक करने के लिए आने लग गए। मेले की पूर्व संध्या पर रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें गायक कलाकार रामनिवास कुमावत, रामलाल सैनी व गायिका ममता चौधरी द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी व डांसर राधिका शर्मा प्रिया राठौड दिनेश छैला द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर कॉमेडी की जाएगी। मेले के कार्यक्रम का मंच संचालन एंकर भीम सिंह वा वा व हितेश रारा द्वारा किया जाएगा। एंकर भीम सिंह मारोठ ने बताया कि भजन संध्या के आयोजक अशोक कुमावत अध्यक्ष बार संघ एसोसियन जोबनेर, पूरणमल दम्बी वाल जाबनेर, मुकेश कुमावत जोबनेर रहेंगे। जागरण के दिन लकी ड्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें 5 मोटरसाइकिल, 3 एलईडी टीवी, एक फ्रिज ,एक वॉशिंग मशीन, दो गीजर , 2 कूलर, 4 टच मोबाइल सेट , 10 कूकर 5 लीटर , 10 स्टील टंकी, 10 कोपर जग, 5 पानी कैंपर सहित 53 इनाम खोले जाएंगे। मंदिर पुजारी बाबूलाल महाराज ने बताया कि मेले में आने वाले भक्तों के लिए रहने व खाने-पीने की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की जाएगी। हितेश जैन ने बताया कि मेले को लेकर मंदिर परिसर में रंग रोगन का काम पूर्ण हो चुका है और मेले परिसर में लाइट डेकोरेशन कार्य शुरू हो चुका है मेले में होने वाली लाइट डेकोरेशन देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग देखने आते हैं मारोठ स्थित भेरुजी महाराज के मंदिर में हर शनिवार रविवार को मेले जैसा नजारा रहता हैं ओर इस बार वेसे भी मेला 4 दिन 9 फरवरी से 12 फरवरी को भरा जाएगा

## जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादों पर जताया भरोसा - सत्येंद्र पाराशर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** भाजपा कार्यालय धौलपुर पर जिला अध्यक्ष सत्येद्र पाराशर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत की खुशी में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येद्र पाराशर ने बताया दिल्ली की ऐतिहासिक जीत पर जनता का नरेंद्र भाई मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया , केजरीवाल की झूठी एवं जुमलेबाजों से दिल्ली की जनता परेशान थी, वादा खिलाफी करने वालों को दिल्ली की जनता ने सबक सिखाया है, यह अहंकार और अराजकता का परिणाम है, सत्येद्र पाराशर ने बताया दिल्ली को विश्व की नंबर 1 राजधानी बनाएंगे दिल्ली में विकास और नए आयाम का युग होगा, बीजेपी के सुशासन में जनता का भरोसा है , इस ऐतिहासिक जीत के पीछे जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी पर भरोसा है, कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य विशंभर दयाल शर्मा, जिला महामंत्री नवल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष धीरसिंह जादौन, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राजू गुर्जर एडवोकेट, जिला मंत्री राजकुमार कुशवाह, हरेंद्र राव, जिला कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष जाटोली राधेश्याम सक्सेना, मंडल अध्यक्ष पुराना शहर रजत जनसंधी, मंडल अध्यक्ष कोठी हेमसिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष कंचनपुर सुभाष तोमर, टिहरी मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह लोढ़ा, जयदीप, राजकुमार गुर्जर, महिला मोर्चा जिला संयोजक कल्पना शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कोठी विशाल सिंघल, पूर्व मंडल अध्यक्ष शहर मुस्ताक कुरैशी, अशोक पचौरी, फैजल खान, विजेंद्र सिंह, पार्षद महेश कोली , जिला सोशल मीडिया संयोजक ऋतिक वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिन दहाड़े फिल्मी स्टाईल में होटल पर मारपीट तोड़फोड़ करने के प्रकरण में कारवाई

### दो आरोपी मूलाराम कृष्ण कुमार को किया डिटेन

### घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों गाड़ी को लिया कब्जे में



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** दिन दहाड़े फिल्मी स्टाईल में होटल पर मारपीट तोड़फोड़ करने के प्रकरण में कारवाई करते हुए दो आरोपी मूलाराम कृष्ण कुमार को डिटेन कर घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों गाड़ी को कब्जे में लिया गया। थानाधिकारी कुचामन के नेतृत्व में होटल पर तोडफोड़, मारपीट, धमकी देने के प्रकरण में दो आरोपी मूलसिंह उर्फ मूलाराम व कृष्ण कुमार बाजिया को किया दस्तयाब किया गया। जानकारी अनुसार पुलिस को सुचना मिली कि होटल देशी स्वाद डीडवाना रोड़ पर कुछ बदमाश गाड़ियों भरकर आकर तोड़फोड़ मारपीट की है जिस पर थानाधिकारी मय जाप्ता मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना स्थल पर सीसीटीवी फूटेज चैक किये । घटना स्थल का जायजा लिया। परिवादी द्वारा घटना के संबंध में रिपोर्ट पेश कि जिस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना इस प्रकार से है कि मूलाराम होटल देशी स्वाद पर प्राय खाना खाता है जिसका बिल करीब 19500 रूपये बकाया था जिस हेतु होटल संचालक नरेन्द्र ने सुबह मूलाराम को जरिये मोबाईल बिल चूकाने हेतु कहा जिस पर दोनों के बहस हुई और इसी के अनुक्रम में समय करीब 3-3.30 पीएम पर मूलारामा अपने साथीयों के साथ एक थार गाडी, एक स्कार्पियों गाड़ी दो केम्पर में आकर होटल के बाहर बैठे ग्राहक पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। होटल संचालक व होटल कर्मचारी सोनू व अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की होटल कर्मचारी सोनू को सरकारी अस्पताल कुचामन द्वारा हायर सेन्टर रेफर किया गया। होटल के बहुमुल्य सामान को तोड़फोड़ किया गया।जिसमे पुलिस थाना कुचामन सिटी के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सीसीटीवी फुटेज आसुचना संकलन एवं तकनीकी सहयोग से मुलजिम कृष्ण कुमार व मूलाराम का पीछा कर डिटेन किया गया।जो एक स्कार्पियों गाड़ी में सवार थे। चूंकि घटना में मूलाराम व उसके साथियों द्वारा लगातार पिडित को जान से मारने की धमकी दी जा रही जिस पर दोनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर वाहन को थाना पर सुरक्षित खड़ा किया गया। डिटेन सुदा मूलाराम के संबंध में यह तथ्य सामने आये है।कि वह अपने आप को पेशे से वकील बताता है। मूलाराम डीडवाना-कुचामन जिले साईबर फॉड एवं अवैध यूएसडीटी का काम करने वाले व्यक्तियों के सम्पर्क में है एवं उन प्रोटेक्शन करवाता है। लोकल अपराधी जो बाहर वांछित है उनके प्रकरणों में मध्यस्ता एवं जमा करवाये जाने के तथ्य सामने आये है जिनके संबंध में अनुसंधान किया जाएगा। प्रकरण में मुलजिमानों के संबंध में अनुसंधान जारी है।

## मुख्यमंत्री के कुचामन आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से जारी

जयपुर टाइम्स



**कुचामनसिटी(निसं.)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 14 फरवरी को कुचामन आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जारी है तैयारीया । जानकारी देते हुए डॉक्टर संगीत कड़वा बताया कि समाजसेवी वह पूर्व सरपंच स्वर्गीय भंवराराम कड़वा की मूर्ति के अनावरण को लेकर 14 फरवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कुचामन आएंगे इस कार्यक्रम को लेकर जोर जोर से तैयारी की जा रही है । उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल राठौर , राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी , प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा , पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी , स्वास्थ्य शासन विभाग मंत्री झब्बर सिंह खर्रा सहित कई मंत्री व विधायक मौजूद रहेंगे डॉक्टर संगीत ने बताया कि भंवरा राम कड़वा एक छोटे से किसान के घर में पैदा हुए और उसके बाद बहुत बड़े समाजसेवी के रूप में साथ आगे बढे ओर सरपंच भी बनाकर गांव के लोगों की सेवा की यह हमारे लिए सौभाग्य है कि मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री आ रहे हैं और उन्होंने संपूर्ण नावा विधानसभा आसपास के क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर स्वर्गीय भंवराराम जी को श्रद्धांजलि अर्पित करें । भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय भंवराराम कड़वा एक साफ छवि के नेता थे , वह किसी के साथ ही कोई भेदभाव नहीं करते थे और उनके लिए सभी जातियां समान थी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूरण सिंह रणवा, सीताराम चौधरी, सुनील चौधरी, हीराराम कड़वा, केसर कड़वा, चेनाराम कड़वा, डॉक्टर संगीत कड़वा ,विजेंद्र सिंह भांवता, सर्वब्राह्मण समाज युवा अध्यक्ष विमल पारीक, बुद्धाराम चौधरी, केसाराम रुलानिया, रमेश रुलानिया , दुर्गाराम चौधरी , ज्ञानाराम रणवा ,शेखर कड़वा , सुनील चौधरी ,पार्षद सुरेश सिखवाल, पार्षद अय्यूब शेख, मौजूद रहे ।

## पुराने शहर में आज ठाठ-बाठ से हुई श्याम बाबा की प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**सवाईमाधोपुर(निसं.)।** जिला मुख्यालय के पुराने शहर में गीता भवन के पास शनिवार को विधिवत मंत्रोचार के साथ श्री श्याम बाबा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। श्याम मंदिर सेवक चंद्र मोहन गौतम ने बताया की उनके 8 महीने की संकल्प पर यह भव्य - दिव्य मंदिर का निर्माण करवाया गया। इस आयोजन को लेकर गुरुवार से कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। शनिवार को हुए मुख्य आयोजन में श्याम बाबा को पंचामृत के साथ स्नान करवाया गया और विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। शहर में यह पहला श्याम मंदिर बना है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे। इस मौके पर शनिवार श्याम को भव्य श्याम भजन संध्या का आयोजन भी हुआ। जिसमे लोगो ने श्याम बाबा के अनेको भजनो पर नृत्य कर बाबा श्याम का रिझाया।

## पलवल में टाटा प्रोजेक्ट के नाम पर ठगे 15 लाख, टेलीग्राम पर टास्क का दिया झांसा



**पलवल(निसं.)।** हरियाणा के पलवल जिला पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए राजस्थान से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने टाटा कंपनी के प्रोजेक्ट का झांसा देकर एक व्यक्ति से 15 लाख रुपए की ठगी की थी। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नवीन कुमार के अनुसार पीड़ित अकिल खान को 8 जनवरी को टेलीग्राम पर एक मैसेज आया। जिसमें घर बैठे ऑनलाइन काम करके पैसे कमाने का प्रस्ताव दिया गया। आरोपियों ने पहले कुछ टास्क पूरे करवाए और फिर पैसे जमा कराने के लिए कहा। पीड़ित ने 15 जनवरी को दो किश्तों में 2.01 लाख रुपए और 17 जनवरी को दो किश्तों में 12.98 लाख रुपए जमा करा दिए। पुलिस ने साइबर तकनीक और बैंक खातों की जांच के आधार पर राजस्थान के भीमसागर के शीशपाल को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर नोखड़ा गांव के आशुतोष बिश्नोई, मनीष, दिनेश और भीयासर गांव के अशोक कुमार को भी पकड़ा गया। आरोपियों से कुल 13 मोबाइल और 19 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। यह मामला साइबर अपराधियों के नए तरीकों को उजागर करता है, जो लोगों को आकर्षक प्रस्तावों के जरिए अपना शिकार बनाते हैं।

## हाईटेंशन बिजली के तार से टच हुए किसान की करंट की चपेट में आने से मौत

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** खंडार क्षेत्र के परसीपुरा गांव में हाईटेंशन बिजली के तार से टच हुए किसान की करंट की चपेट में आने से मौत होने का आज मामला सामने आया है । ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक काडु गुर्जर पुत्र धन्जी गुर्जर उम्र करीब 30 बर्ष बताई जा रही है । यह देर शाम को खेतों पर रखवाली गया था द्य तभी रास्ते में पहले से ही हाईटेंशन लाइन का तार टूटा हुआ पड़ा था । चलते समय किसान को हाई टेंशन लाइन का तार दिखाई नहीं दिया और पैर उस तार से स्पर्श हो गया था । जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई थी । किसान के जब घर नही पहुँचने पर परिजन खेतों पर तलाश करने पहुंचे तभी मृतक किसान जमीन पर पड़े हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर मौके पर ही झुलस कर पड़ा हुआ दिखाई दिया । जिसके बाद बिजली सप्लाई बंद करने के लिए ग्रामीणों ने नजदीक लस्स पर बिजली विभाग के कर्मचारियो को सूचना दी लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया । वही सूचना पर कार्यवाहक थाना इंचार्ज नंदराम गुर्जर मय स्टाफ लेकर घटना स्थल पर पहुंचे थे और बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची । जिसके बाद बिजली सप्लाई बंद की गई है जीएसएस से शट डाउन के बाद किसान को करंट से अलग किया वही मौके पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की बात कई । लेकिन निगम अधिकारियों के नही पहुँचने पर ग्रामीणों नाराज हो गए । और मृतक किसान के शव को लेकर उपखंड मुख्यालय पहुंचे । जहां पर अपनी मांगे को लेकर स्टेट हाइवे 123 पर शुक्ला चौराहे पर शव को रखकर प्रदर्शन करने लगे ।वही पुलिस द्वारा समझाईश जारी है । और लोगों ने बताया कि मृतक के परिजनों को सरकारी नियम अनुसार बिजली निगम के लापरवाही अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और एक सदस्य को सरकारी नौकरी सहित मुआवजा देने की मांग की जा रही थी सहमति के बाद जाम को हटा दिया गया और पुलिस कार्यवाई के बाद चिकित्सक टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवा कर पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया वही हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है ।

## मेडिकल कॉलेज में तेज म्यूजिक को लेकर मजदूरो में झगड़ा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मेडिकल कॉलेज चूरू में एक सामान्य विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के बीच तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घटना में उत्तर प्रदेश की 38 वर्षीय हीरा देवी, 35 वर्षीय पार्वती और बिहार के 18 वर्षीय रोशन को चोटें आईं। सभी घायलों को तत्काल गवर्नमेंट डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने उनका इलाज किया। घायलों के परिजनों के अनुसार, मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में विभिन्न राज्यों से मजदूर आए हुए हैं। काम के बाद कुछ मजदूरों की ओर से तेज आवाज में गाना बजाने पर अन्य मजदूरों ने आपत्ति जताई और आवाज कम करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई, जो धीरे-धीरे मारपीट में बदल गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने मामले की जानकारी ली, लेकिन देर शाम तक किसी भी पक्ष ने कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## अवैध अतिक्रमण को लेकर विवाद, पालिका कर्मचारियों ने थाने में दिया परिवाद

### थानाधिकारी ने मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने का दिया आश्वासन



**श्रीकरणपुर(निसं.)** अवैध अतिक्रमण को लेकर अतिक्रमणकारियों तथा नगरपालिका के कर्मचारियों में आपसी विवाद हो गया है, जिसको लेकर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई मय स्टाफ द्वारा थाना में परिवाद दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार बस स्टैंड के पीछे एक दुकान के आगे अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था जिसको लेकर सफाई निरीक्षक गौरी शंकर के नेतृत्व में पालिका कर्मचारी अवैध अतिक्रमण तोड़ने पहुंचे तो मौके पर कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद प्रवीण दायमा रामचंद्र बिस्सा, विक्रम, मोहित आ गए। पालिका कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने अतिक्रमण तोड़ रहे कर्मचारियों को धमकाया तथा सरकारी कार्य करने से रोका, जिसको लेकर वहां आपसी तूं- तड़ाक हो गई। ईओ संदीप बिश्नोई ने बताया कि थोड़ी देर बाद रामचंद्र बिस्सा, प्रवीण दायमा, विक्रम, मोहित पालिका कार्यालय में पहुंचे यहाँ पर भी इन लोगों ने काफी बैंस-बाजी और गाली- गलौच किया। इस पूरी घटना को लेकर ईओ और पालिका कर्मचारियों ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने को लेकर थाना अधिकारी राम प्रताप वर्मा को परिवाद सौंपा है। थानाधिकारी राम प्रताप वर्मा ने मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया है।

**नाम परिवर्तन**

इस बन्ध पत्र द्वारा निम्नहस्ताक्षरकर्ता दया सिंह नेहरा ( नया नाम ) जो अभी इससे पूर्व दया सिंह (पुराना नाम) कहलाता था एवं जो वरिष्ठ अध्यापक (संबंधित कर्मचारी द्वारा उस समय धारीत किये गये पद का नाम के रूप में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गिनडी पट्टा राजपुरा, चूरू जहां सरकार के विभाग में नियुक्त हो ( पर नियुक्त हो) पर नियुक्ति है ।

**एतद् द्वारा-**

1. मैं स्वयं तथा मेरी पत्नी, संतान तथा दूसरे की संतान जो पूर्णतया मेरे पर आश्रित है, मेरे पूर्वनाम / उपनाम दया सिंह को त्यागता हूं तथा उसके स्थान पर उसी तारीख से नया नाम / नया उप-नाम दया सिंह नेहरा ग्रहण करता हूं एवं इसलिए मैं, मेरी पत्नी, संतान तथा दूसरों की संतान, इसके पश्चात् मेरे पूर्व के मेरे नाम, उपनाम दया सिंह से नहीं जाने जायें तथा नहीं पहचाने जाये, अपितु ग्रहण किये गये उपनाम द्वारा जाने जाये ।
2. मेरे उक्त निर्णय की साक्ष्यता के लिए घोषणा करता हूं कि मैं एतद् पश्चात् सभी समय निजी अथवा सार्वजनिक सभी अभिलेखों में, बंध पत्र एवं प्रलेखों तथा कार्यवाहियों / व्यवहारों एवं लेन-देन तथा सभी अवसरों पर अपने पूर्व नाम दया सिंह के स्थान पर एवं उसके परिवर्तन में दया सिंह नाम के रूप में तथा नेहरा उपनाम के रूप में प्रयुक्त करुगां।
3. स्पष्टतः एतद् द्वारा सभी समय, सभी व्यक्तियों को मुझे, मेरी पत्नी, मेरी संतान तथा दूसरों की संतान को तद्नुसार नया रखा गया नाम दया सिंह उप नाम नेहरा के नाम से सम्बोधित करने के लिए प्राधिकृत करता हूं तथा उसके लिए निवेदन करता हूं। इसकी साक्षी में मैने अपने पूर्व नाम दया सिंह एवं नया नाम उपनाम नेहरा का वर्णन किया तथा दिनांक 07.02.2025 को अपने हस्ताक्षर किये है।

**दया सिंह**
**नाम एवं उप नाम परिवर्तन करने वाले कर्मचारी के हस्ताक्षर**
**नया नाम- दया सिंह नेहरा**
**पुराना नाम- दया सिंह**
**पदस्थापन स्थान- रा.उ.प्रा.वि. गिनड़ी राजपुरा, चूरू**

**नाम परिवर्तन**

मेरी पूत्री प्राची का नाम, माता का नाम व जन्म दिनांक भूलवश विद्यालय में गलत दर्ज हो गई जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरी पूत्री नाम प्राची सैनी, माता का नाम अजूं सैनी व प्राची सैनी की जन्म दिनांक 06.07.2009 दर्ज है जो सत्य व सही हैं। मेरी पूत्री के शाला रिकॉर्ड में सही करवाना चाहता हूँ।

**पवनकुमार सैनी पूत्र गिरधारीलाल सैनी निवासी मालियों का मौहल्ला वार्ड 8 जासासर, तहसील चूरू, जिला चूरू**

**Office of the District Literacy and Continuing Education Officer, Churu**

File No. DLCEO/Churu/Literacy/2024-25/337 Date 31.01.2025

**Notice Inviting Bid (02/2024-25)**

Bids for TLM kit (Notebook, Pencils, Sharpener, Eraser) are invited from interested bidders upto 11:30 AM on 10.02.2025. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and notice board of this office. The Approximate maximum value of the procurement is Rs. 982200.
UBN No-LIT2425GSOB00022

**राजेन्द्र प्रसाद**
**जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी**
**चूरू (राजस्थान)**

DIPR/C/1421/2025

## अवैध देशी हथकड शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू/सिंघाना(निसं.)।** अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही थाना से रवाना किया गया। जाप्ता को दौराने गश्त इतला मिली कि ढाणा जाने वाले रास्ते पर नदी के पास एक व्यक्ति हथकड शराब लेकर जा रहा है जिस पर जाप्ता मुताबिक इतला के पहुंचा जहां पर एक व्यक्ति मिला जिसको चैक किया गया तो मुल्जिम भगवता प्रसाद के पास एक बोतल मे 750 एमएल अवैध हथकड शराब मिली। जिस पर मुलजिम भगवता प्रसाद से अवैध हथकड शराब रखने बाबत लाईसेंस पूछा गया तो नही होना बताया। जिस पर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया और अवैध 750 एमएल लीटर हथकड शराब को जब्त किया गया।



## स्काउट गाईड्स किया सम्मान सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव आबसर में स्काउट गाईड्स का सम्मान किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए त्रिलोक कीलका ने बताया कि तमिलनाडु के त्रिची में आयोजित सात दिवसीय डायमंड जुबली जम्बूरी में भाग लेकर आई दो छात्राओं प्रिती कीलका और ज्याना स्वामी का पूर्व सरपंच प्रतिनिधि केशवदास स्वामी, तेजा राम कीलका, सीताराम स्वामी, मांगीलाल स्वामी, नोरंग लाल कीलका, भंवरदास, रवि स्वामी, मोहन सिंह सहित विद्यालय के अध्यापक रणजीत न्यौल, पूनम, राधेश्याम मीणा, चौन रुप चौधरी, सुभिता, सुमन, माया, धर्म पाल, राजवीर, जुगराज, चैनरूप भाटी आदि ने स्वागत किया। त्रिलोक कीलका ने बताया कि इस जम्बूरी में राजस्थान को सर्वोच्च स्थान मिला, जिसमें चूरू जिले की गाइडस् की अहम भूमिका रही। राजस्थान की गाइडस् और स्काउट्स का बैंड देश भर में पहले स्थान पर रहा। इस बीच इन गाइडस् ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम का साहब का घर, हिन्द महासागर, बंगाल की खाड़ी, रामेश्वरम आदि दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया।

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द् यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से रिद्धकरण भूतोड़िया की स्मृति में उनके परिवार जनों के सौजन्य से रविवार को महावीर सेवा सदन कोलकाता परिसर में निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया व सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने जानकारी दी कि गत 7 वर्षों से अनवरत आयोजित होने वाले इस पुनीत प्रकल्प में दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ पांव उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## सुजला जिला बनाने के लिए उठे हाथ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नाथोतालाब पर सुजला जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक राजू सिंह भाटी के नेतृत्व और महाराणा प्रताप सेवा केंद्र, लूहार बस्ती में किए गए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग इकट्ठा हुए और प्रदर्शन किया। जय सुजला बनाओ सुजला जिला का नारा जोर शोर से लगाते हुए सब ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि हम सुजला जन्मभूमि और कर्मभूमि के मान, सम्मान और स्वाभिमान के लिए सत्याग्रह करते रहेंगे। प्रदर्शन में बाबूलाल माली, भंवरलाल लुहार, रामनिवास लुहार, मदनलाल, रामावतार लोहार, पूनमचंद लोहार, विवेक भाटी, कालूराम लोहार, ललित लोहार, लक्ष्मी भाटी, निकिता, गरिमा लोहार, पवन पारीक, मनोज जोशी आदि शामिल हुए।

## चार वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** पुलिस ने 4 वर्ष से फरार चल रहे वांछित स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थानाधिकारी रामनिवास की ओर से गठित टीम ने न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय चूरू के सरकार बनाम समीरा में वांछित स्थाई वारण्टी मन्जूर पुत्र अब्दुल मजीद खत्री निवासी मोहल्ला व्यापारियान कस्बा मंडावा को गिरफ्तार किया। स्थाई वारंटी को न्यायालय जिला चूरू में पेश किया गया। वारंटी चार वर्ष से फरार चल रहा था। गठित टीम में महेन्द्र एचसी, सुरेन्द्र सिंह कानि, संदीप कुमार कानि शामिल रहें।




# जिला अध्यक्ष बाटड़ का लक्ष्मणगढ़ आगमन पर किया अभूतपूर्व स्वागत

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** भाजपा सीकर जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़ के जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार लक्ष्मणगढ़ आगमन पर लक्ष्मणगढ़ भाजपा मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया गया। बाटड़ के स्वागत में शहर के मुरारका बस डिपो से जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़ का स्वागत जुलूस प्रारंभ हुआ जो कि मुख्य बस स्टैंड होते हुए चौपड़ बाजार, पकौड़ी प्याऊ, कबूतरिया सहित शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए संस्कार मैरिज गार्डन पहुंचा इस दौरान जगह जगह पुष्प माला पहना कर बाटड़ का जोरदार स्वागत किया गया। संस्कार मैरिज गार्डन में नवनिर्वाचित भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ओर से जिला अध्यक्ष बाटड़ का जोरदार स्वागत किया गया। बाटड़ के स्वागत जुलूस के दौरान नवनिर्वाचित लक्ष्मणगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार, जय प्रकाश सरावगी, भाजपा नेता प्यारेलाल, कटारिया, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया,अरुण चौधरी, रतन गौदरा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व शहर के नागरिक मौजूद रहे। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए बाटड़ ने कहा कि लक्ष्मणगढ़ मेरा घर है और जिलाअध्यक्ष बनाना एक पार्टी की प्रक्रिया है इसलिए लक्ष्मणगढ़ तो मेरा आना जाना बना रहेगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्मणगढ़ की जनता ने मेरे लिए जो प्यार बरसाया है वो मेरे लिए सदैव व स्मरणीय रहेगा। लक्ष्मणगढ़ के लोगों ने मेरे जैसे कार्यकता को जो आशीर्वाद दिया मै उसे सदैव याद रखूंगा।दिल्ली विधान सभा चुनावों भाजपा की जीत को ले कर बाटड़ ने कहा कि झूट की लूट ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाती,दिल्ली की जनता उनकी झूट से मुक्ति पा कर अब सुकून महसूस कर रही है।



### एएसपी ने की लोगों से हेलमेट पहनने की अपील

# पुलिस चेकिंग के डर से नहीं खुद की सुरक्षा के लिए पहने हेलमेंट

## पुण्यतिथि पर हितेश फाउण्डेशन ने हेलमेट बांटे

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** हितेश फाउण्डेशन की ओर से शनिवार को झुंझुनूं शहर के मण्डावा मोड़ पर हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत एडीशनल एसपी देवेन्द्र सिंह ने की। उन्होंने संस्था के सदस्यों के साथ मण्डवा मोड़ पर स्थित पुलिस चौकी के पास दुपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेल्मेट बांटे। इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए लोगों से दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेलमेट पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना में होने वाले अपूर्णीय क्षति से बचने के लिए पहनें। उन्होंने संस्था के सदस्यों को इस अभियान के लिए धन्यवाद दिया। हितेश फाउंडेशन सोसायटी के राजकृष्ण रॉयल ने बताया कि कोई भी चालक बिना हेलमेट के गाड़ी नहीं चलाएं यही हमारा उद्देश्य है। क्योंकि कई सड़क दुर्घटनाओं में मौतें सिर्फ हेलमेट नहीं पहनने के कारण हो रही हैं। इस पहल का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली क्षति को कम किया जा सके। उन्होनें बताया कि करीब पांच साल पहले मेरे साले हितेश की करंट से मौत हो गई थी। उसकी याद में हर साल पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करते है। इस दौरान हितेश के परिजन भी मौजूद रहे।




### फिल्म 120 बहादुर की शूटिंग

# मंडावा में फिल्म अभिनेता फरहान अख्तर व अभिनेत्री राशी खन्ना पर फिल्माए दृश्य

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** फिल्म 120 बहादुर की शूटिंग शनिवार को कस्बे के थलिया हवेली में हुई। फिल्म में फरहान अख्तर लीड रोल में है जो 1962 के भारत- चीन युद्ध के योद्धा रहे परमवीर मेजर शैतान सिंह भाटी का किरदार कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री राशी खन्ना की भी विशेष भूमिका है जो शैतान सिंह की पत्नी शगन कंवर के रोल में नजर आएगी। एक्सेल एंटरटेनमेंट बैनर तले बन रही फिल्म के निर्देशक रजनीश रजी घई है। थलिया हवेली में फरहान अख्तर और राशी खन्ना को लेकर दोनों में शादी होने के दृश्यों का फिल्मांकन किया गया जिसमें एक दूसरे के वरमाला डालना, फेरे, विदाई सहित अन्य दृश्य विभिन्न अलग-अलग एंगल में फिल्माए गए। दुल्हन के पिता का किरदार यहां के लोकल कलाकार किशोर थलिया ने किया। फिल्म 120 बहादुर, 1962 के भारत- चीन युद्ध रेजांग ला के परमवीर मेजर शैतान सिंह और उनकी चार्ली कंपनी के वीरों के साहस और बलिदान की कहानी है। इस फिल्म से शून्य से 20 डिग्री के नीचे के तापमान में चंद सैनिकों के साथ कई गुणा अधिक चीनी सैनिकों को मार गिराने वाले परमवीर मेजर शैतान सिंह ने अपने 120 सैनिकों के साथ खून के अंतिम कतरे तक लड़ते हुए लद्दाख पर कब्जा करने आए 1300 चीनी सैनिकों को मार गिराया था। फिल्म के माध्यम से मेजर शैतान सिंह की वीरता के किस्से फिर से बड़े पर्दे पर देखने को मिलेंगे। फरहान अख्तर बॉलीवुड के ऑलराउंडर माने जाते हैं और इनके पिता पटकथा लेखक जावेद अख्तर व हनी ईरानी है, फरहान अख्तर ने अपने करियर में कई शानदार फिल्में दी जिसमें भाग मिल्खा भाग फिल्म भी शामिल है, राशी खन्ना अभिनेत्री और मॉडल है जो मुख्यत तेलुगू फिल्म उद्योग में काम करती है और हिंदी फिल्म मद्रास कैफे के साथ एक अभिनेत्री के रूप में करियर का शुभारंभ किया था।



## दिल्ली की जीत पर भाजपाईयो ने आतिशबाजी की

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** दिल्ली विधानसभा में भाजपा की पूर्ण बहुमत की विजय पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर मिठाइयां बाटी और खुशियां मनाई। स्थानीय गांधी चौक में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि ये झूठ के सामने सच्चाई की जीत है। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष व जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने मुफ्त के लुभावने वादों के समक्ष राज्य के विकास को चुना है। पिछले 15 वर्षों से विकास के क्षेत्र में पिछड़ रहे दिल्ली प्रदेश में अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी की हार नहीं ये दिल्ली में पनप रही आपदा की हार है। वहाँ की जनता ने विकास को अपनाया है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश खाजपुरिया, उमाशंकर महमिया, इंद्राज सैनी, नगर मण्डल प्रभारी अरुणा सिहाग, महेश बसावटिया, सोशियल मीडिया जिला संयोजक चन्द्र प्रकाश शुक्ला, महेश जीनगर, राजेन्द्र ठठेरा, रामगोपाल महामिया, संजय मोरवाल, पंकज टेलर, मनोहर धूपिया, नगर महामंत्री रवि लांबा, विजेंद्र हटवाल, विजय शंकर जोशी, नगर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, महेंद्र सोनी, ललित जोशी, ताराचंद सैनी, कोषाध्यक्ष सी ए लोकेश अग्रवाल, विनोद चौहान, सुरेंद्र शर्मा, ज्योति प्रकाश शर्मा, पार्षद विजय कुमार सैनी, कुलदीप पुनिया, लीलाधार पुरोहित, एडवोकेट अनुपम शर्मा, पंकज बावलिया, श्रवण सैनी, कपिल सोनी, जय प्रकाश चौधरी, विनोद चांवरिया, विनोद पेंटर, श्रीराम सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कंप्यूटर लैब का उदघाटन व कैरियर मेला कल

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** सरदार हरलाल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हनुमानपुरा में सोमवार को कम्पयूटर लैब का उद्धाटन व कैरियर मैले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य जवाहर सिंह काला ने बताया कि भामाशाह दम्पति चौधरी फूलसिंह दादाजी व चनणी देवी की ओर से विद्यालय परिवार को 6 कंप्यूटर देकर लैब तैयार करवाई गई है। काला ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 3 से 12 तक के बच्चे कंप्यूटर के माध्यम से क्षमतावर्धन कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के आदेशानुसार ही कैरियर मैल का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसुइया, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मनोज ढ़ाका, कमलेश तेतरवाल, पुलिस उप अद्योक्षक ग्रामीण हरिसिंह धायल, एस बी आई , मण्डावा के शाखा प्रबन्धक कमल सिंह राजपूत ,सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद पारीक, नरेश खादीवाला, हनुमानपुरा सरपंच सुमित्रा देवी सहित अनेक शिक्षाविद्ध व प्रबुध्दजन कार्यक्रम में भाग लेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह चौधरी फूलसिंह दादाजी करेगें।

## सीकर सांसद अमराराम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सीकर के सांसद कॉमरेड अमराराम को ज्ञापन सौंपकर पदोन्नति से वंचित एससी/एसटी के वाईस प्रिंसिपल्स ने डीपीसी में शामिल करने की मांग की है। धर्मसिंह मीना, गजानंद मीना के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया और सांसद को पूरे मामले की जानकारी देते हुए वंचितों को न्याय दिलाने की मांग की गई। प्राचार्य डी.पी.सी 2023-24 एसी-एसटी संघर्ष समिति की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि आरक्षित वर्ग के वरिष्ठ कार्मिकों को पदौन्नति से वंचित कर सामान्य वर्ग के कनिष्ठ कार्मिकों का चयन किया गया है। जिसके कारण एसी के 385 व एसटी के 156 वरिष्ठ कार्मिक पदौन्नति से वंचित रह गए है। इन वरिष्ठ कार्मिकों को पदौन्नति चयन सूची में शामिल करने की मांग मुख्यमंत्री से भी की गई है। मामले में सांसद ने समुचित समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

## कर्मचारियों को गिफ्ट में फ्लैट देने वाले मुम्बई के उद्यमी घनश्याम भाई घोलकिया का मण्डावा में स्वागत



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुम्बई के कीस्ना गोल्ड एण्ड डायमंड ज्वैलरी के फाउण्डर एण्ड एमड़ी घनश्याम भाई घोलकिया के मण्डावा स्थित होटल हेरिटेज में शनिवार को राज0 ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। ज्ञात रहे वे एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने मण्डावा आए। उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों को दीवाली गिफ्ट में फ्लैट देने वाले हीरा कारोबारी के बेटे की शादी में पीएम मोदी भी शामिल हुए थे। गुजरात के अमरेली जिले के दुधाला गांव में जन्मे सावजी ढोलकिया का सफर बेहद प्रेरणादायक है। हाल ही में उनके बेटे द्रव्य की शादी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति ने इस समारोह को और भी विशेष बना दिया। गुजरात के अमरेली जिले के दुधाला गांव में जन्मे सावजी ढोलकिया का सफर बेहद प्रेरणादायक है। लेवा पटेल परिवार में जन्मे सावजी ने केवल चौथी कक्षा तक की पढ़ाई की और फिर 13 साल की उम्र में पढ़ाई छोड़कर सूरत आ गए। यहां उन्होंने अपने मामा के हीरे के व्यवसाय में हाथ बंटाना शुरू किया। धीरे-धीरे उनके भाई हिम्मत और तुलसी भी इस काम में शामिल हो गए और 1984 में उन्होंने मिलकर हीरे का व्यापार शुरू किया। बाद में सबसे छोटे भाई घनश्याम भी उनके साथ जुड़े और 1992 में मुंबई में हीरा निर्यात कार्यालय स्थापित किया। हरि कृष्णा एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जानी जाने वाली यह कंपनी 2014 तक 9,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ एक प्रमुख हीरा निर्यातक कंपनी बन गई। सावजी ढोलकिया अपने कर्मचारियों को दिवाली पर उदारता से उपहार देने के लिए मशहूर हैं। हाल ही में उनके बेटे द्रव्य की शादी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति ने इस समारोह को और भी विशेष बना दिया।

## *मंगल करने वाली है भगवान के मंगल विवाह की कथा- कृष्णानंद*

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के हनुमान पार्क के पास चल रही भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक कृष्णानंद महाराज ने शनिवार को कृष्ण-रूकमणी विवाह प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान की सुंदर लीलाए सबको आनंद देने वाली है। भगवान की कृपा होने से ही कथा श्रवण करने का अवसर मिलता है, वरना व्यक्ति व्यर्थ ही संसार में भटकता रहता है और भगवान के समीप कभी जा ही नहीं सकता। श्रीकृष्ण के विवाह का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि उपासना कांड के मंत्र, कृष्ण भक्ति के उपनिषद और आठ प्रकार की प्रकृति ही पत्नी रूप धारण कर श्रीकृष्ण के संग विवाह किया था। भगवान के मंगल विवाह की कथा सबका मंगल करने वाली और पापों को मिटाने वाली है। इस दौरान कृष्ण-राधा की झांकी भी सजाई गई। कथा के प्रारंभ में सुशील कुमार संदीप कंदोई ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मोहन रातुसरिया, शंभुदयाल धनावत, विश्वनाथ रातुसरिया, गोविंद बिरमीवाला, एडवोकेट महेंद्र सैनी, भरतप्रकाश गोयल, महावीर धनावत, राकेश कंदोई, आत्माराम धनावत, जुगलकिशोर धनावत, चंद्रप्रकाश पौद्दार, अमिता मुदगल, हितेश मुदगल, निर्मला शर्मा, पुनित खेतान, आनंदीलाल चौधरी, संजय चौधरी, हिमांशु बजाज, चंद्रप्रकाश पौद्दार, राधेश्याम पारीक, परमेश्वर, रमेश थर्ड, गोविंद जांगिड़, कृष्णकांत सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ कवि लेखक सम्पत सरल को मिलेगा उपाध्याय सम्मान

## सम्मान पत्र व एक लाख रूपए देकर किया जाएगा सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ(निस)।** श्री गांधी बाल निकेतन, रतनगढ़ के संस्थापक सचिव शिक्षाविद् चम्पालाल उपाध्याय एडवोकेट की तीसरी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में द्वितीय उपाध्याय सम्मान का आयोजन 14 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल, रतनगढ़ में समारोह पूर्वक किया जाएगा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कवि वरिष्ठ लेखक सम्पत सरल को उनकी निर्भीक व बेबाक ढंग से की जा रही साहित्य सेवा के लिए उपाध्याय सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके अन्तर्गत सम्मान पत्र व एक लाख रूपये प्रदान कर उनके योगदान को रेखांकित किया जाएगा। मणकसास, उदयपुरवाटी में जन्में सम्पत सरल ने राजस्थान विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। अब तक उनकी एक मंजिला मकान में लिफ्ट, निठल्ले बहुत बिजी हैं तथा चाकी देख चुनाव की जैसी तीन कृतियां प्रकाषित हो चुकी हैं। कवि सरल में यूएसए अमेरिका, रूस, जापान, कनाडा, सउदी अरब, सिंगापुर, हांगकांग, थाईलैंड, ओमान, नेपाल और यूएई दुबई जैसी जगहों पर अपनी स्वतंत्र व निर्भीक कविताओं का पाठ कर चुके हैं। आयोजन में उपाध्याय की ओर से किए गए सार्वजनिक कार्यों में अपना उदार प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने वाले पांच राजनेताओं के प्रति कृतज्ञता स्वरूप उपाध्याय सम्मान अर्पित कर उनके परिजनों को भिजवाया जाएगा। इनमें राजस्थान के दिग्गज राजनेता मोहनलाल सुखाड़िया, हरिभाउ उपाध्याय, भैरोंसिंह शेखावत, शिवचरण माथुर, हरिषंकर भाभड़ा और मानिकचन्द सुराना के नाम शामिल हैं। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ व राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष दुलाराम सहारण मंचस्थ अतिथि होंगे। उल्लेखनीय है कि उपाध्याय सम्मान प्रतिवर्ष उनकी तरह सेवाभाव, सामाजिक विकास में अतुलनीय योगदान और निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले महानुभावों को प्रदान किया जाता है। गत वर्ष वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ, प्रदीप शेखावत और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमित ढाका को 1-1 लाख रूपए व उपाध्याय सम्मान से अलंकृत किया गया था। इसके साथ ही उपाध्याय की प्रेरणा से जनहित के कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने वाले 14 भामाशाहों व उनके अनन्य सहयोगी रहे 3 महानुभाओं को उपाध्याय सम्मान प्रदान कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई थी।

## लुणासर में बाबा श्याम के भजनों पर झूम उठे श्रोता, वार्षिकोत्सव मनाया



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लूणासर में बाबा श्याम मन्दिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह नो बजे राजलदेसर के वीर बुगली बालाजी मालासी बास से पैदल निशान यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर पांच किलोमीटर की पैदल यात्रा तय करके लूणासर श्याम मन्दिर पहुंची। निशान यात्रा में महिलाएं व युवा डीजे की धुन पर नाचते जयकारे लगाते मन्दिर परिसर पहुचे। पुजारी नारायण प्रसाद के सानिध्य में श्याम बाबा को छप्पन भोग का भोग लगाया गया। भजन कीर्तन में तुलसीराम पाण्डे की ओर से बाबा श्याम के सुरीले भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान मदन लाल, रामलाल, मदन पारीक, उदयसिंह, महावीर सिंह, कर्णनाथ, संजय पारीक, अमर सिंह, श्याम लाल, पवन शर्मा, ओमप्रकाश सहित कई ग्रामीणों ने बाबा के दरबार में हाजरी लगाई।

## दिल्ली में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओ ने मनाया जश्न



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** दिल्ली चुनाव में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत के बाद कस्बे में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि व भाजपा मण्डल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर जश्न मनाया। कस्बे के सुभाष चौक बस स्टैंड पर मण्डल दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उत्साहित होकर जमकर नारेबाजी की। पूर्व पालिकाध्यक्ष गोपाल मारू ने कहा कि 27 साल बाद दिल्ली के चुनाव में विजय हासिल की। पिछले 11 साल से भ्रष्टाचारी केजरीवाल सरकार की जगह जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया प्रधानमंत्री मोदी के काम के नाम पर वोट दिया। जिससे भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। भाजपा के पुर्व पालिकाध्यक्ष गोपाल मारू, कुलदीप स्वामी, इन्द्रचन्द देवड़ा, प्रकाश भार्गव, खेमराज पारीक, चान्द माली, अरूण सोनी, नोरतन मल आचार्य, सुनिल प्रजापत, राजेश गर्ग, नगराज सोनी, दिनेश, मारू, राम लिलडिया, पवन माली, मंगलदास स्वामी, पवन मारू, कानाराम जाट, जितेन्द्र एडवोकेट, शीतल खण्डोंलिया, सावरमल खटीक, भवानी शंकर प्रजापत, शिवरतन राणा, चादमल खटीक सुरेन्द्र टांक, धनपत शर्मा पार्षद, ओमप्रकाश पाण्डे, प्रदीप पाण्डे सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

## कॉमरेड कमला चौधरी को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शिक्षक नेता कॉमरेड  कमला चौधरी को किसान मजदूर भवन में शनिवार को श्रद्धांजलि देकर याद किया। कॉमरेड कमला चौधरी लंबे समय तक राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत में काम किया। आम किसान मजदूर की लड़ाई में अपना अहम योगदान दिया। एक कम्युनिस्ट विचारधारा को मरणोपरांत तक निभाया। अखिल भारतीय किसान सभा की विस्तृत बैठक तहसील अध्यक्ष भगवानराम जाखड़ की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में राज्य महामंत्री छगनलाल चौधरी ने बताया कि कृषि बीमा क्लेम ओर बिजली सहित अनेक मांगो को लेकर 13 फरवरी को चूरू कलेक्ट्री पर प्रदर्शन है। जिसमें गांव गांव से किसान को जाने का न्योता दिया जा रहा है। तहसील मंत्री काशीराम सारण ने बताया कि किसान सभा की सदस्यता अभियान का हिस्सा बने ओर किसान सभा का सदस्य बने। बैठक में अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में मनाया नो प्लास्टिक डे

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव भादासर दिखणादा के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में राज्य सरकार के निर्देशानुसार नो प्लास्टिक डे का आयोजन किया गया। शिक्षक रविन्द्र पूनियां ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा के सान्निध्य में नो प्लास्टिक डे का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यालय परिधि के 200 मीटर क्षेत्र को नो प्लास्टिक जोन बनाए जाने का संकल्प व हर सप्ताह सफाई अभियान चलाने की अच्छी पहल की गई। इस अवसर पर गिरधारी लाल सारण, राजेश मीणा, दलीप जाखड़, केशुराम स्वामी, सुलोचना, पूनम राठौड़, प्रियंका कासनिया, सविता पूनियां, ममता स्वामी, संतोष मीणा, दिनकर जांगिड़, मांगीलाल सारण, कृष्णा नायक आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली में भाजपा की जीत, तारानगर में आतिशबाजी

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** दिल्ली में भाजपा को भारी बहुमत मिलने पर तारानगर में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ व भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अनुप खण्डेलवाल के नेतृत्व में गढ के आगे एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पर आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अनुप खण्डेलवाल ने कहा कि आप पार्टी के अहंकार का अंत हो गया है। राकेश जांगिड़ ने कहा कि अब दिल्ली में डबल ईंजन की सरकार दौड़ेगी व दिल्ली का सर्वांगीण विकास होगा। गढ परिसर के आगे कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी और दिल्ली के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तारासिंह राठौड़, नरेश सहारण, मोहम्मद तैयब, विशाल शर्मा, महावीर पूनीयां, अजीत सिंह राठौड़, जमरदीन तेली, नरेश सैनी, शिवकुमार शर्मा, सुशील सरावगी, हरी इन्दौरिया, त्रिलोक रेगर, लीलाधर प्रजापत, वासुदेव शर्मा, सूनील भाकर, माणकचन्द सैनी, किशन सिंह राठौड़, कैलाश चाचान, हीरा लालसैनी, गुलाब सोलंकी, राजकुमार, विजय सोनी, देवकरण कल्ला, फारूक हिसारिया, हेमन्त व्यास, शिव सिंह मेघसर, चुन्नीलाल कमाण्डो, सुनील भाकर, महेन्द्रसिंह भाटी, अशोक योगी, मुकेश शर्मा, राजकुमार भामी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार क्षेत्र के सात्युँ सर्किल पर भाजपा युवा नेता अलबेला खान के नेतृत्व में भाजपा युवाओं ने दिल्ली में भाजपा की जीत पटाखे फोड़कर व मिठाई खिलाकर जश्न मनाया व नरेन्द्र मोदी, राजेंद्र राठौड़ जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर ताराचंद कस्वां, जुल्फेकार हिसारिया, शाबीर बिसायती, तालीम खोखर, इलियास बिसायती, महबूब गोरी, मोहम्मद खालिद तंवर, शकील गोरी, मोहम्मद साजिद भाटी, सांवरमल वाल्मीकि सहित काफी युवा उपस्थित रहे।


## भाजपा की दिल्ली जीत पर कार्यकर्ताओं ने की जमकर आतिशबाजी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के गांधी चौक पर  दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत के साथ ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से आतिशबाजी कर व मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर सभापति राजकरण चौधरी, विधानसभा संयोजक राजेंद्र सोनी, पूर्व जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष लालचंद छींरग, मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा, पूर्व उपाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, पार्षद अमर मीणा, गिरधारी लाल पारीक, रूपचंद सोनी, राकेश टाक, राकेश जगरवाल, दीपक बेद, बाबूलाल प्रजापत, अमिताभ चांवरिया, सुशील प्रजापत, विमल शर्मा, राजकरण सोनी, डॉ अविनाश पारीक, मनोज दर्जी, कमल नाई, अजय चौधरी, किशन मोयल, अजीज गौरी, भंवरलाल गोरसिया, मनोहर सोनी, पवन सैनी, सुरेंद्र राणा, धर्म सिंह राजपुरोहित, सुमेरमल धाणका, जगदीश पिंगोलिया, विकास पारीक, शंकर सोनी, विक्रम सैनी, जाकिर खोखर, सत्तार बिसायती, प्रदीप दीक्षित, दयाल सिंह राजपुरोहित, मुलायम सिंह राजवी, संजय पारीक, प्रसन्न लूनिया, विनोद बगड़िया, महावीर तंवर, मोहन सिंह राजपूत, देवी सिंह चौहान, कन्हैयालाल भामा, लीलाधर दानोदिया, कानसिंह, गुरु धानका, मांगीलाल गहणोलिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिल्ली की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** दिल्ली चुनाव में 27 साल बाद सत्ता में वापसी करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से स्थानीय घंटाघर के पास शनिवार को भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाया गया। चुनाव में मिली बंपर जीत से उत्साहित कार्यकर्ता भारत माता की जयकार करते हुए घंटाघर के पास एकत्रित हुए, जहां कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर व आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से पैदा हुई आम आदमी पार्टी अपने दामन पर लगे हुए भ्रष्टाचार के दाग छुड़ा नहीं पाई, दिल्ली में जनता ने आम आदमी पार्टी के अहंकार,  बेईमानी, झूठ और कपट की राजनीति को ठेंगा दिखाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास दिखाया और इसी के साथ केजरीवाल का शीशमहल भाजपा की जीत के साथ तूफान में उड़ गया। इंदौरिया ने कहा कि दिल्ली की आम जनता ने देश की आर्थिक उन्नति व विकास के लिए भाजपा में अपना विश्वास कर आपदा सरकार से किनारा कर लिया है। इस मौके पर भाजपा नेता मोहनलाल बबेरवाल, प्रकाश चंद्र पारीक, भरत सैनी, युवा नेता नवल महर्षि, राजकुमार सोनी, पूरणमल गोदारा, दीनदयाल सोनी, विनोद धानुका, नारायण दायमा, अनुप पीपलवा, रामा मंडगरा, गिरधारीलाल दायमा, पवन हरितवाल, शंकर स्वामी, पीएल शर्मा मैनासर, कालूराम भार्गव, पिंटू खटीक, मदन खटीक, कन्हैयालाल सांखला, हनुमान खटीक, उम्मेद दर्जी, मनोज माली, राहुल पचलंगिया, चंपालाल सैनी, श्रीकृष्ण सैनी, राकेश सिंह, बाबूलाल हलवाई, गोपाल हारित, महेश रक्षक, लूणाराम भार्गव, बीरबल भार्गव, मानक दर्जी, संतोष भार्गव, महेश भार्गव, बुधमल सारस्वत, सुंदर दर्जी, इंदरचंद माली, कन्हैयालाल स्वामी, राजेंद्र सांखला, पवन फूलभाटी, गोविंद रक्षक, संजय महर्षि, बुला भाटी, बाबूलाल खटीक, राकेश सोनी, जगदीश माली, पवन मिस्त्री, पुष्कर स्वामी, सूरजमल स्वामी, पार्षद रामकिशन माटोलिया सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे।

## दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर जताई खुशी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के पुराना बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी ने दिल्ली की जनता 10 सालों से परेशान हो रही थी। अब डबल इंजन की सरकार बनने पर उनको फायदा होगा। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष हुक्मीचंद गुसाईवाल, धर्मचंद सोनी, सांवरमल नाई, हेमंत सिद्ध, ललित माली, दानमल बांठिया, प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, भागीरथ चौहान, सुरेंद्र सुथार, पुसाराम चौहान, जयप्रकाश दर्जी, श्रीकृष्ण तेजस्वी, महेंद्र सिंघी आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष राजेश बेंगाणी, सम्पतमल बेद, हुक्मीचंद सिंघी, विमल टेलर, भंवर सिंह राठौड़, याकूब मनिहार आदि उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारियों को नाहटा चेरिटेबल ट्रस्ट ने किए कंबल वितरित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के लुनिया गेस्ट हाउस के पास सर्राफ भवन में श्री सूरजमल अभय कुमार नाहटा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार प्रहलादराय पारीक, नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी, मुख्य ट्रस्टी प्रसन्न नाहटा, उद्योगपति सिंगला साब, जयदेव सिंह राठौड़, राजेंद्र आचलियां, चैनरूप दूगड़, रतनलाल दूगड़, प्रकाश बरडिया व पंकज डागा आदि की ओर से सफाई कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए करीब 300 कर्मचारियों को ससम्मान कंबल प्रदान किए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने पिछले 10 वर्षों से निरंतर किए जा रहे इस नेक कार्य के लिए नाहटा परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विवेक नौलखा, बाबूलाल सैनी, सांवरमल पारीक, सीताराम नाई, संजय जाड़ीवाल, किशनलाल गुर्जर, किशनलाल सोनी सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## *दिल्ली की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर*



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दिल्ली में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय से ढोल नगाड़ो के साथ गांधी चौक आकर पटाखों से आतिशबाजी की और एक दूसरे को गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष विजयसिंह बोरड, सुभाष पारीक, बुद्धिप्रकाश सोनी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, भागीरथ करवां और पार्षद दीनदयाल पारीक, पार्षद हरीओम खोड़, पुरुषोत्तम शर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणीया, रेंवतमल पंवार, पार्षद पंकज घासोलिया, गणेश मण्डावरिया, विजय चौहान, प्रकाश भार्गव, खुशीराम चांदरा, एडवोकेट मनीष दाधीच, नरेंद्र गुर्जर, रवींद्र पांडे, नरेन्द्र प्रजापत, गोपाल पारीक, प्रेमप्रकाश तूनवाल, प्रेमप्रकाश स्वामी, बलराम सोनी, गंगाधर लाखन, मुरारी खंडेलवाल, आलोक शर्मा, भंवरलाल बिजारणिया, प्रदेश वाल्मिकी, मदन भारी, रामरतन बोचीवाल, सांवरमल अग्रवाल, विनोद प्रजापत, राहुल प्रजापत, विश्वदीपक काछवाल, बसंत दाधीच, अमरचंद सैन, विपिन प्रजापत, श्रवणसिंह राठौड़, गिरधारी सिलग, सुरेश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत का जश्न मनाया।

## डॉक्टरों ने दो घंटे किया कार्य बहिष्कार



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** राजकीय टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने शनिवार को बाड़मेर के सेड़वा एसडीएम की ओर से डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार करने के विरोध में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक 2 घंटे  कार्य बहिष्कार किया। अस्पताल पर प्रभारी राजेंद्र घोषल्या ने कहा कि दुर्व्यवहार करने वाले के विरुद्ध एसडीएम पर कार्रवाई करने की मांग की। डॉ. स्लामु खां, नीतीश इसरान, सुरेश कुमार, लोकेश शर्मा, प्रियंका चौधरी, अंजू यादव आदि उपस्थित रहे।

## चूरू में डॉक्टरों ने दो घंटे कार्य बहिष्कार कर किया विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** बाड़मेर जिले के सेड़वा में एसडीएम की ओर से एक डॉक्टर के साथ अभद्रता करने के विरोध में चूरू में राजकीय डीबी अस्पताल के डॉक्टरों ने शनिवार को दो घंटे कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शनिवार को अस्पताल परिसर में आईएमए के बैनर तले डॉक्टरों ने एकजुट होकर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। आईएमए के संरक्षक डॉ. बीएल नायक ने बताया कि सेड़वा के एसडीएम ने डॉ. रामस्वरूप रावत को ड्यूटी के दौरान बिना किसी कारण के धमकाया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जेल भेजने की धमकी दे डाली। इस घटना से नाराज चूरू के डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। डॉक्टरों की मांग है कि दोषी एसडीएम को तत्काल निलंबित कर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इस दौरान दौरान आईपीडी और इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से जारी रहीं। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राहुल कस्वां, डॉ. साजिद चौहान, डॉ. रमेश चारण, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. शंकर सिंह गौड़, डॉ. मुरलीधर चौधरी, डॉ. अमजद खान, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. रतन अग्रवाल, डॉ. देवेंद्र कुंडारा, डॉ. उत्तम भांभू, डॉ. बजरंग शर्मा सहित अनेक चिकित्सक मौजूद रहे।

## कूटरचित दस्तावेज से जमीन हड़पने के प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव रतनसरा निवासी 46 वर्षीय महिला के जेठ के बेटे की ओर से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने के दर्ज प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। मामले के अनुसार तहसील के गांव रतनसरा निवासी मुन्नी देवी ने 27 जून 2022 को पुलिस में लिखित रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाया था कि 16 फरवरी 2000 को उसके पति सीताराम स्वामी के समक्ष परिवार की जमीन का बंटवारा हुआ था। उसके हिस्से में एक नोहरा था, जिसका उसके 47 वर्षीय जेठ के बेटे मनोज स्वामी ने फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर उसकी जमीन हड़प ली। आरोपी ने जमीन का पट्टा भी बना लिया था। जांच में सामने आया कि उक्त पट्टा भी फर्जी है और उस पर लगाई गई मोहर भी फर्जी तरीके से बनाई गई है। आरोपी ने सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी की नकली मोहर बनाकर व नकली हस्ताक्षर कर पट्टा बना लिया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया और कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज को गिरफ्तार किया है, जो मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था।

## यातायात व्यवस्था सुधार हेतु अधिकारियों द्वारा मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)** शहर की यातायात व्यवस्था को मध्यनजर रखते हुए प्रशासक एवं उपखण्ड अधिकारी महोदय कालुराम कुम्हार, अधिशाषी अभियंता विकास लेधा, पुलिस उपअधीक्षक महोदय जितेन्द्रसिंह, सीआई रविन्द्रसिंह खींची एवं अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित द्वारा शहर के मुख्य मार्गो पर जालौर चौराहे से राजगुरू सर्कल, राजगुरू सर्कल से बीजापुर बस स्टेण्ड, गांधी मूर्ति से भैरूचौक तक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दूकानदारों एवं व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई कि दूकानदारों द्वारा फुटपाथों व राहगीरों के चलने के स्थान पर सामान रख दिया जाता है। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है एवं राहगीरों को चलने में परेशानी होती है। दूकानदारों को पाबंद किया गया कि अपनी सीमा के अन्दर ही सामान रखे एवं अपने दूकान पर आने वाले ग्राहको को निर्देशित करे कि सफेद पट्टी के अन्दर ही अपने वाहन पार्क करें। चाय के थडी वालों एवं हाथलॉरी वालों को भी हिदायत दी गई कि अपने आस पास साफ सफाई रखें एवं कचरा निर्धारित स्थान पर ही डाले एवं अपनी दूकान/लॉरी के आगे कचरापात्र आवश्यक रूप से रखना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान प्रशासक महोदय के निर्देश की पालना में पालिका द्वारा अवैध रूप से लगे होर्डिग, बैनर जो कि महापुरूषों की मूर्तियों व सर्कलों पर लगे हुए थे उनको कार्मिको द्वारा हटाये गये एवं आमजन से अपील की गई कि सर्कलों व महापुरूषों की मूर्तियों पर होर्डिंग, बैनर नहीं लगाये अन्यथा पालिका द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त/हटाने की कार्यवाही की जायेगी। मुख्य बाजार में व्यापारियों से वार्तालाप के दौरान व्यापारियों द्वारा बताया गया कि मुख्य मार्ग गांधी चौराहा से भैरूचौक तक सडक के दोनो किनारों पर सफेद पट्टी निर्धारित की जानी है। जिससे दो पहिया वाहन उक्त सफेद लाईन के अन्दर ही पार्क किये जा सके। जिस पर प्रशासक महोदय द्वारा आश्वस्त किया गया कि जल्द ही रोड के दोनो तरफ सफेद लाईनिंग करवा दी जायेगी। जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। उक्त निरीक्षण में स्वास्थ्य निरीक्षक यशवन्त परिहार, एवं यातायात प्रभारी दौलतसिंह, चुनाराम जाट सहित पालिका कार्मिक उपस्थित रहें।

# आमजन के लिए मदद का फरिश्ता बने जयपुर कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी

### जनसुनवाई और नवाचारों में सोनी का नहीं है कोई सानी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में एक ऐसा प्रशासनिक अधिकारी है जो आमजन के लिए मदद का फरिश्ता बनकर आया है। यह अधिकारी आमजन की सहजता से सुनवाई करता है और द्रुत गति से उनकी समस्याओं का समाधान करता है। सच में जयपुर जिले की जनता इस अधिकारी की कायल हो गई है। बेहतरीन कार्यशैली, कई योजनाओं और अभियानों में नवाचार इस प्रशासनिक अधिकारी को एक अलग ही पहचान दे रही है। जनता के दिलों और दिमाग में बस चुके इस अधिकारी के कई नवाचारों को पूरे प्रदेश में मॉडल रूप में लागू किया गया है। जी हां, यह बेहतरीन आइएएस अधिकारी है डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी जो वर्तमान में जयपुर जिला कलेक्टर है। अपनी बेबाक और ईमानदार कार्यशैली से प्रदेशभर में विख्यात डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी का कोई सानी नहीं है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन जब समस्याएं लेकर आते हैं तो कलेक्टर सोनी आत्मीयता से सुनते हैं। जब फरियादी वापस लौटते हैं तो समाधान की मुस्कान लेकर जाते हैं। बंद



रास्ता खोलो अभियान, सक्षम जयपुर अभियान डॉ. जितेंद्र सोनी की बदौलत कई पीड़ितों और असहाय लोगों के लिए मददगार बने हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शायद यही सोचकर जयपुर कलेक्टर के पद पर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को लगाया है कि आमजन की जान सुनवाई हो और समस्याओं का समाधान हो। सोनी न केवल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अपेक्षाओं पर शत प्रतिशत खरा उतरे हैं बल्कि उम्मीदों से भी अधिक परिणाम देने से सीएम भी गदगद है।

### जनता के 'अपने' कलेक्टर

डॉ. सोनी उन गिने-चुने अधिकारियों में से एक हैं, जिनके स्थानांतरण की खबर आते ही जनता उदास हो जाती है और उन्हें रोकने के लिए आंदोलन तक कर देती है। यह सब उनकी कार्यशैली और जनता से जुड़े रहने की वजह से संभव होता है। वह जनसुनवाई में सिर्फ शिकायतें नहीं सुनते, बल्कि एक मित्र की तरह समाधान का रास्ता भी दिखाते हैं।

### जनता के लिए 'सुलभ' प्रशासन

डॉ. सोनी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह जनता से सीधे जुड़े रहते हैं एवं जनता की शिकायतों का समाधान करते हैं।

### ऐसे अधिकारी जो जनता के दिलों में बसते हैं

"जो हर कदम पर साथ निभाए,
जो हर दर्द को अपना बनाए,
वही होता है सच्चा रहबर,
जो इंसाफ की लौ जलाए।"

राजस्थान की राजधानी जयपुर के जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी को एक ऐसे प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जाना जाता है, जो जनता की समस्याओं का हल सिर्फ कागज़ों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी करते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सपना है कि "अंतिम छोर के व्यक्ति तक न्याय व सुविधा पहुंचे, और इसे साकार करने का जिम्मा जयपुर में डॉक्टर सोनी को सौंपा गया है।

### एक मिसाल बनी उनकी कार्यशैली

हाल ही में एक महिला को एक प्रमाण पत्र बनवाना था। वह पहले पटवारी के पास गई, जहां से उसे नगर निगम भेजा गया, नगर निगम ने उसे समाज कल्याण विभाग का बता दिया और समाज कल्याण विभाग ने कलेक्ट्री ऑफिस जाने के लिया बोल दिया। इस चक्कर में कई दिनों तक वह महिला इधर-उधर भटकती रही। जब इस प्रमाण पत्र के लिए जिला कलेक्टर सोनी से पूछा कि यह प्रमाण पत्र कहां बनेगा, डॉक्टर सोनी ने सिर्फ जानकारी ही नहीं दी बल्कि उन्होंने एसडीएम को प्रमाण पत्र बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद तहसीलदार, पटवारी और अन्य संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर महिला का प्रमाण पत्र बनवाया गया।

"जो इंसाफ की राह पर चलता है,
वही असली हुक्मरान कहलाता है, कंधों पर जिम्मेदारी उठाए,
हर बेबस की आवाज़ बन जाता है।"

### 'जनता के दिलों में बसने वाले कलेक्टर'

डॉ. जितेंद्र सोनी का नाम सिर्फ एक प्रशासनिक अधिकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जनता के मसीहा की तरह काम करते हैं। उनकी कार्यशैली और फैसले यह दर्शाते हैं कि वे केवल कुर्सी के लिए नहीं, बल्कि जनता की भलाई के लिए इस पद पर हैं।

"रिश्ते जुड़ते हैं भरोसे से,
प्यार बनता है अपनेपन से,
कुछ लोग दिलों में घर बना लेते हैं, अपने नेक इरादों और काम से।"

डॉ. सोनी जैसा अधिकारी हर जिले को मिले, यही हर नागरिक की कामना होती है। उनके कार्यों की सराहना करते हुए जनता कहती है।

"एक सूरज की तरह रोशनी लाए,
अंधेरों को जो चीर जाए, वही होता है असली शासक,
जो इंसाफ को घर-घर तक पहुंचाए।

### बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर

## दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्री की मौत, मां-बेटा गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के गांव शिमला रोड पर गांव आसपालसर के पास बोलेरो बाइक की टक्कर से पिता व चार साल की पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार महिला व एक बच्चे को उपचार के बाद रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार गांव खेजड़ा का सीताराम पुत्र रतिराम मेघवाल उम्र 35 साल अपनी पत्नी गौरा देवी उम्र 30 साल, 4 साल की पुत्री व 2 साल की पुत्र को लेकर गांव जा रहा था कि गांव आसपालसर के पास बोलेरो गाड़ी से बाइक की टक्कर हो गई। जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के पायलेट पंकज सिहाग व ईएमटी संजय खीचड़ ने घायलों को राजकीय अस्पताल पहुंचाया। राजकीय अस्पताल में डॉक्टरों ने पिता व 4 साल की पुत्री को मृत घोषित कर दिया व महिला व उसके 2



साल की बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर राजकीय अस्पताल पहुंचकर मृतकों के शवों को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। घायलों का प्राथमिक उपचार करवाकर रेफर करवाया गया। सूचना पर मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे जहां पर पुलिस ने हादसे की जानकारी लेकर आगे की जांच शुरू कर दी।

## गीतांजली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए सीए सेमीनार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय गीतांजली पब्लिक सी.सै. स्कूल में प्रमोट कॉमर्स प्रमोट इंडिया फाउंडेशन के फाउंडर सीएमए जयुपर चैप्टर के पूर्व चेयरमैन सीएमए हरेंद्र कुमार पारीक ने विद्यार्थियों को प्रोफेशनल कोर्सेज व सीएमए ए सीएए सीएस की जानकारी दी। उन्होने बताया की सीएमए सीए सीएस कोर्स विद्यार्थियों को कॉस्ट ऑडिट, टैक्स ऑडिट, फाइनेंस मैनेजर, कंसल्टेंट, एनालिस्ट और टैक्स एडवाइजर जैसे बेहतर विकल्प देता है। 12वीं कक्षा के बाद सीएमएए सीएएसीएस कोर्स को किया जा सकता है। जिसमें 3 से 4 वर्षो में यह कोर्स होता है। कोर्स करने के उपरांत केंद्र सरकार राज्य सरकार व गैर सरकारी व विदेशी कंपनियों में नौकरी लगने के बेहतर अवसर उपलब्ध होते है। साथ ही प्रेक्टिस करने के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। संस्था के प्रबन्ध निदेशक विनय गौतम ने बताया कि आज के समय में छात्र छात्राओं को कॉमर्स के क्षेत्र में भविष्य को लेकर उपलब्ध अवसरों के सम्बंध में मार्ग प्रर्दशित किया। हरेन्द्र कुमार पारीक ने सीएमए, सीए, सीएस व वाणिज्य वर्ग के अन्य सभी कोर्स की बारीकी से जानकारी उपलब्ध करवाई और वर्तमान चलन को देखते हुए जिस तरह छात्र छात्राए कक्षा 10 के बाद केवल विज्ञान व आर्ट्स विषय में अपना कैरियर देख रहे है ऐसे परिवेश में कॉमर्स क्षेत्र में जुड़े नए अवसरों से छात्र छात्राओं को अवगत करवाया। इस दौरान स्कूल चेयरमैन दामोदर गौतम ने बताया कि वाणिज्य वर्ग का जीवन में बहुत बड़ा योगदान होता है। निदेशक गौरव गौतम ने भी विचार व्यक्त किए इस दौरान कक्षा 8वी से 12वीं तक के बच्चों की कांउसलिंग की गई। कार्यक्रम का संचलान पंचम शर्मा ने किया।

## नाटकीय मोडः नीमकाथाना जिला बहाली के लिए 39 दिनों से चल रहा धरना बिना आश्वासन ही समाप्त

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन(निस)।** नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर पिछले 39 दिनों से चल रहा धरना और भूख हड़ताल अचानक बिना किसी आश्वासन के समाप्त हो गया। यह धरना संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित किया जा रहा था, लेकिन अचानक धरने का समापन बिना किसी आधिकारिक जानकारी के हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में कई सवाल उठने लगे हैं। नीमकाथाना में चल रहे आंदोलन के दौरान विभिन्न संगठनों और नागरिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए थे। इनमें से कई आंदोलनों को समझाइश के बाद समाप्त किया गया था, लेकिन धरना और भूख हड़ताल लगातार जारी रही थी। अब अचानक धरने का समापन और धरने स्थल से आंदोलनकारियों का उठ जाना सभी के लिए हैरान करने वाला है। ज्ञात हो कि नीमकाथाना जिले के समाप्त किए जाने के खिलाफ सीकर संभाग के नागरिकों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किए थे। चक्का जाम, रैलियाँ और धरने आयोजित किए गए थे, जिनमें वकीलों और कर्मचारियों ने भी पूरा सहयोग दिया था। यह विरोध प्रदर्शन सरकार के खिलाफ था, जिसमें नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करने की मांग की जा रही थी। हालांकि, धरने के समाप्त होने के कारणों की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन यह माना जा रहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं की समझाइश, आंदोलनकारियों से बातचीत या किसी गुप्त समझौते के बाद धरना समाप्त किया गया हो। इस मामले में संघर्ष समिति के पदाधिकारी और विधायक कार्यालय से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो पाई है। यह घटनाक्रम नीमकाथाना की जनता के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा करता है कि आखिर क्यों अचानक धरना समाप्त किया गया। जनता अब यह जानने के लिए उत्सुक है कि इस मुद्दे पर आगे क्या कदम उठाए जाएंगे और संघर्ष समिति की ओर से क्या प्रतिक्रिया दी जाएगी।

## शिक्षण कक्षा कक्ष का हाईकोर्ट न्यायाधिपति ने किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**कांवट(निस)।** राउमावि कांवट के पूर्व विद्यार्थी भामाशाह बाबूलाल मीणा की ओर से माता-पिता इमरती देवी और मांगूराम मीणा की पुण्य स्मृति में करीब 14 लाख की लागत से विद्यालय में नव निर्मित शिक्षण कक्षा कक्ष व बरामदे का लोकार्पण शनिवार को गणेश राम मीणा राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर ने किया। समारोह को न्यायाधिपति मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक साधारण परिवार से हूं। लेकिन मैंने संघर्ष का जीवन बसर कर इस मुकाम तक पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि विधार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और अपने माता-पिता की ईश्वर के रूप में सेवा करें। उन्होंने भामाशाहो से भी आह्वान किया कि वे अपनी आमदनी से कुछ हिस्सा सरकारी स्कूलों में दान करें। समारोह की अध्यक्षता भवानी सिंह मीणा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खंडेला, विशिष्ट अतिथि मीना सैनी प्रशासक ग्राम पंचायत कांवट, विशिष्ट अतिथि संजय कुमार जिला



न्यायाधीश व रजिस्टार राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग जयपुर व जिला न्यायाधीश नीमकाथाना राकेश शर्मा सहित मीणा समाज व सर्व समाज के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। इससे पहले अतिथियों का साफा पहनाकर व गुल दस्ता देकर सम्मानित किया गया। भामाशाह बाबूलाल मीणा का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश जांगीड़ व बाबूलाल मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### महिला आत्मनिर्भरता के प्रयासों में हमारी सशक्त भागीदारी रहेः आर्य

# जिला स्तरीय अमृता हाट मेले का शुभारंभ, 17 फरवरी तक आयोजित होगा मेला

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के सरदारशहर मुख्यालय पर जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय अमृता हाट मेले का शनिवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य व सरदारशहर नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने फीता काटकर व गणेश प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर मेले का शुभारंभ किया। थानाधिकारी मदन विश्नोई, नगरपरिषद आयुक्त मघराज डूडी, नायब तहसीलदार प्रहलाद पारीक, बाल विकास परियोजना अधिकारी सरोज नायक, संरक्षण अधिकारी राजेंद्र शेखावत सहित अन्य अतिथि मंचस्थ रहे। सहायक निदेशक जयप्रकाश, सुपरवाइजर कृष्णा, पूजा गेट, ज्ञानप्रकाश गोदारा आदि ने अतिथियों का






स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि महिला आत्मनिर्भरता के प्रयासों में हमारी सशक्त भागीदारी रहे। जिला प्रशासन की ओर से महिला आत्मनिर्भरता की दिशा में अमृता हाट मेले का आयोजन सराहनीय पहल है। इससे यहां की महिलाओं के कौशल व उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा और उनके उत्पादों को मंच मिलने से एक मार्केट विकसित होगा। इसी के साथ जिले से जुड़े उत्पादों का संवर्धन होगा। सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि अमृता हाट मेले के आयोजन से क्षेत्रीय विशेषताओं को बढ़ावा मिलेगा। महिलाओं की उद्यमशीलता को सशक्त करने और उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह बेहतरीन पहल है। इससे अंचल की महिलाओं को विशेष पहचान मिलेगी। महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक जयप्रकाश ने बताया कि जिला स्तरीय अमृता हाट मेला 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों व महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉल, उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री, आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों व प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। नायब तहसीलदार प्रहलाद पारीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अतिथियों ने मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखीं।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।